INS ACCREDITED
यूंनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी
सांध्य दैनिक
# यूनिक समय
RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-346 | मथुरा, सोमवार, 9 फरवरी 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

### आगरा में रिहायशी इलाके में आग का तांडव

# जूता गोदाम धू-धू कर जला दहशत में आये क्षेत्र के लोग

**यूनिक समय, आगरा।** बल्केश्वर क्षेत्र में सोमवार दोपहर उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक रिहायशी इलाके में स्थित जूता गोदाम में भीषण आग लग गई। अचानक उठती लपटों और घने धुएं को देखकर आसपास के लोग दहशत में आ गए और अपने घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार, बल्केश्वर में निखिल गुप्ता और सजल गुप्ता का जूते का गोदाम है। गोदाम की पहली और दूसरी मंजिल पर भारी मात्रा में जूते का स्टॉक रखा हुआ था, जबकि तीसरी मंजिल पर सजल गुप्ता का परिवार रहता है। गनीमत यह रही कि घटना के समय सजल गुप्ता की पत्नी और दोनों बच्चे नानी के घर गए हुए थे। गोदाम पर उस वक्त केवल एक कर्मचारी मौजूद था, जो समय रहते बाहर निकल आया।



गोदाम में लगी आग को बुझाते फायर ब्रिगेडकर्मी।

सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे गोदाम की दूसरी मंजिल से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। आग तेजी से फैलती देख स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। संकरी गलियों और रिहायशी मकानों के बीच आग लगने से बड़ा हादसा होने की आशंका बढ़ गई थी। दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। हालांकि, आग बुझने के बाद भी देर शाम तक गोदाम से धुआं उठता रहा। इस हादसे में गोदाम में रखा लाखों रुपये का जूता स्टॉक जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन शुरुआती आशंका शॉर्ट सर्किट की जताई जा रही है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

### भीषण आग से लाखों का माल स्वाहा

स्थानीय लोगों का कहना है कि रिहायशी इलाके में इस तरह के बड़े गोदामों में सुरक्षा इंतजाम न होने से खतरा बना रहता है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, वरना नुकसान और भी बड़ा हो सकता था।

### मायावती से टिप्स लेकर लौटे बसपाई

# मथुरा में विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटेंगे

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** विधानसभा चुनाव 2017 को लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती रणनीति बनाने में जुट गई है। पिछले दिनों लखनऊ में मथुरा समेत यूपी के सभी जिलाध्यक्षों के साथ बैठक में चुनाव जीतने का मंत्र दे दिया। साफ शब्दों में कह दिया कि ब्राह्मणों को साथ लेकर आगे बढ़े। उनकी रणनीति इस बार ब्राह्मणों को अपने साथ जोड़कर विधानसभा चुनाव मैदान में उतरने की है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा को एक भी सीट पर जीत हासिल नहीं हो सकी थी। मथुरा-वृंदावन, छाता, गोवर्धन, मांट और गोकुल सीटों पर भाजपा ने बाजी मारी थी। इस बार चुनाव में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरने के मूड़ में है। वजह साफ है कि लोकसभा चुनाव में सपा ने अच्छी खासी सीट हासिल की थी। लोकसभा चुनाव के समीकरणों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा चुनाव में उतरने की कोशिश में है। अब देखने वाली बात होगी कि बसपा चुनाव 2027 में भाजपा और सपा के चव्यूह को भेद कर कितना दम दिखाएगी। फिलहाल मथुरा से लखनऊ गए बसपा नेता लौटकर यहां आ गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के टिप्सों पर चलते हुए संगठन को मजबूत करने में लग गए हैं। विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद बसपा सभी पांच क्षेत्रों में किसको चुनाव मैदान में उतारती है। यह देखने वाली बात होगी। राजनीति गलियारों में यह चर्चा हो रही है कि भाजपा और आरएसएस सर्वे करा चुका है कि किसको विधानसभा चुनाव में उतारा जाए। इसलिए कई दावेदारों के चेहरों में टेंशन की लकीर दिखाई देती है। हो सकता है कि मथुरा की राजनीति में आने वाले समय में काफी उथल पुथल हो जाए। दावेदार दूसरे दलों का सहारा भी लेकर चुनाव मैदान में उतर जाएं। सभी कयासबाजी के उत्तर भविष्य के गर्भ में छिपे है।


पहल

### एक कपल की अनोखी शादी का वीडियो वायरल

# कपल ने महंगी शादी नहीं, सपनों का घर चुना

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** भव्य शादी, महंगे होटल, दिखावे की रस्में। आजकल शादी का मतलब अक्सर खर्चों की होड़ बन गया है। लेकिन एक जोड़े ने अलग रास्ता चुना। उन्होंने एक दिन की चमक से ज्यादा पूरी जिंदगी की सुरक्षा को महत्व दिया। महंगी शादी छोड़कर उन्होंने अपने सपनों का घर खरीदा। और उसी घर में फेरे लेकर नई जिंदगी शुरू की। न शोर, न दिखावा। बस समझदारी, प्यार और भविष्य की सोच। कभी-कभी सबसे खूबसूरत शादी वो होती है जहां खर्च कम




और समझदारी ज्यादा होती है। ऐसा ही सोशल मीडिया पर इन दिनों एक भारतीय कपल का अनोखा और समझदारी भरा फैसला तेजी से वायरल हो रहा है। इस जोड़े ने भव्य और खर्चीली शादी करने के बजाय उस रकम से अपने भविष्य के लिए एक नया घर खरीदने का विकल्प चुना है। वायरल वीडियो के अनुसार, कपल ने किसी महंगे होटल या मैरिज गार्डन में समारोह आयोजित करने के बजाय अपने हाल ही में खरीदे गए फ्लैट में ही शादी की रस्में पूरी कीं। शादी बेहद सादगी के साथ संपन्न हुई, जिसमें केवल परिवार के करीबी सदस्य ही शामिल हुए। दूल्हे के भाई ने वीडियो में बताया कि परिवार ने एक दिन के जश्न पर लाखों रुपये खर्च करने के बजाय लंबी अवधि की वित्तीय सुरक्षा और स्थिरता को प्राथमिकता दी। उनका कहना था कि यह फैसला भविष्य को मजबूत बनाने के उद्देश्य से लिया गया। इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल होने के बाद यूजर्स कपल की जमकर सराहना कर रहे हैं।

कई लोगों ने इसे "परिपक्व और दूरदर्शी फैसला" बताते हुए कहा कि दिखावे के लिए जीवनभर की कमाई खर्च करने से बेहतर है उसे भविष्य में निवेश किया जाए। फिलहाल यह कहानी सोशल मीडिया पर 'स्मार्ट वेडिंग' और 'रियल लाइफ प्लानिंग' के उदाहरण के तौर पर तेजी से ट्रेंड कर रही है और युवाओं के बीच शादी को लेकर एक नई सोच को जन्म दे रही है।

# तलाक मामले में कोर्ट में पेशी पर आई पत्नी को पति ने पीटा



फुटपाथ पर बैठी पत्नी के साथ मारपीट करता पति और बचाते लोग।

**कार्यालय संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** कोर्ट में तलाक मामले में पेशी पर आए पति-पत्नी ने कोर्ट में तारीख की। इसके बाद महिला कोर्ट के बाहर सड़क पर बने फुटपाथ पर बैठ गई। पति ने वहां बैठी पत्नी को पहले धक्का मारकर जमीन पर गिराया और पत्थर मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। पति को मारपीट करते देख लोगों ने किसी तरह बचाया। पुलिस ने महिला को अस्पताल भेज दिया। पुलिस हमलावर पति की तलाश कर रही है। थाना मगोर्रा क्षेत्र के रहने वाले सुनील कुमार और उसकी पत्नी निधि के बीच दो साल से तलाक का मुकदमा कोर्ट में चल रहा था। सोमवार को दोनों कोर्ट में तारीख की पेशी पर आए। तारीख करने के बाद महिला सड़क किनारे बने फुटपाथ पर बैठ गई। वहीं सुनील भी आ गया। पति पत्नी के बीच वहां हुए विवाद में पति ने पत्नी को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और उसे बुरी तरह लात घूंसों से पीटने लगा। महिला के शोर करने पर लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया। इसी बीच सुनील ने वहां पड़े पत्थर को

### फुटपाथ पर बैठी पत्नी पर किया हमला, पत्थर मार किया घायल

### पुलिस ने महिला अस्पताल पहुंचाया

### रिपोर्ट के बाद हमलावर पति की गिरफ्तारी के प्रयास

उठाकर महिला को मारना शुरू कर दिया, जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। महिला द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया गया कि पत्नी को मारपीट कर घायल करने के बाद पति वहां से भाग गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि घायल महिला की तहरीर पर उसके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को भेजा गया है।

# राजा की मंडी बाजार पर बुलडोजर का खतरा

**यूनिक समय, आगरा।** प्रमुख व्यापारिक केंद्र राजा की मंडी बाजार पर संकट गहराता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मंगलवार सुबह 11 बजे प्रशासन द्वारा बाजार की पैमाइश की जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय होगी। यदि सीमांकन में यह स्पष्ट हुआ कि लाभ चंद मार्केट का हिस्सा सार्वजनिक सड़क या फुटपाथ पर बना है, तो बिना नोटिस बुलडोजर चलाया जा सकता है।



### 60 दुकानदारों की बढ़ी चिंता

इस आदेश से करीब 60 दुकानदारों की नींद उड़ गई है, जिनका यहां पीढ़ियों से व्यापार चल रहा है। विवाद की जड़ वह जमीन है, जो कभी पूर्व जज स्व. मिलाप चंद जैन को पट्टे पर दी गई थी। आरोप है कि पट्टे की शर्तों के उल्लंघन के कारण वह बहुत पहले निरस्त हो चुका था, फिर भी वर्षों से किराया वसूला जा रहा था। मार्केट के निचले हिस्से की दुकानों के साथ ऊपर बने चंद्रलोक और धर्मलोक होटल भी खतरे में हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने प्रभावित पक्षों को पुनर्वास के लिए सक्षम प्राधिकारी से गुहार लगाने का विकल्प दिया है।

## यूपी की योगी सरकार के बजट से आस

# आम लोगों की निगाहें लगी 12 फरवरी की ओर

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली सरकार का बजट 12 फरवरी को आ रहा है। इस बजट से आम लोगों को बड़ी उम्मीद हैं।

आम लोगों ने यूनिक समय टीम को अपने मन की बताई। कहा कि प्रदेश सरकार को शिक्षा का स्तर बढ़ाने, स्वास्थ्य को सही रखने के लिए अच्छा इलाज, बेरोजगारी दूर करने के लिए रोजगार उपलब्ध कराने की पहल, महंगाई पर नियंत्रण करने को उपाय, कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाने को सख्त कानून, खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रस्ताव होने चाहिए।



योगेश शर्मा का सुझाव है कि बजट में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रस्ताव होने चाहिए। अच्छी शिक्षा होगी तो युवा आगे बढ़ेगा। केरल की तरह यूपी में भी उच्च शिक्षा निःशुल्क होनी चाहिए।



चंद्रमोहन जायसवाल का मानना है कि यूपी सरकार के बजट से लोगों को बड़ी उम्मीद हैं। योगी सरकार को महंगाई रोकने के लिए प्रस्ताव लाना चाहिए। इससे आम लोगों को राहत मिलेगी।



शिक्षक प्रमोद गौतम का कहना है कि योगी सरकार को शिक्षा, बेरोजगारी और महंगाई के लिए कदम उठाने चाहिए। जनता की सोच भी यही है। जनता भी चाहती है कि योगी सरकार जनता के हित में बजट लाएगी।



श्याम सुंदर गौतम का कहना है कि यूपी सरकार को मथुरा जिले में औद्योगिक विकास की दिशा में कदम उठाना चाहिए। बजट में इस तरह का प्रस्ताव लाना चाहिए।



उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष आलोक बंसल का कहना है कि योगी सरकार को अपना बजट व्यापारी हित में पेश करना चाहिए। इस समय व्यापारी कई सरकारी समस्याओं से त्रस्त हैं।



सुधीर शुक्ला कहते हैं कि स्वास्थ्य सेवाओं को अच्छा बनाने के लिए सरकार को बजट में प्रस्ताव लाना चाहिए। लोगों की सेहत सही रहेगी तो परिवार भी खुश रहेगा। दवा की कीमतों पर भी नियंत्रण जरूरी है।



प्रदीप बनर्जी का कहना है योगी सरकार का बजट ऐसा होना चाहिए, जिससे जनता को राहत मिले। आम लोगों की निगाह पूरी तरह से बजट पर लगी हैं। जनता महंगाई से राहत चाहती हैं।



तपेश भारद्वाज का कहना है कि केंद्र के बाद प्रदेश सरकार के बजट पर आम लोगों की निगाहें होती हैं। प्रदेश सरकार का बजट यूपी के विकास को रफ्तार देने वाला हो।

## तापमान / मौसम

26 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

12 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

## सोना-चांदी भाव

**सोना**

24 कैरेट 1,61,500

22 कैरेट 1,48,580

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

2,70,000 प्रति किलो

## आपातकालीन सेवाएं

112 -आपातकालीन सेवा
1962 - रेलवे हेल्पलाइन
100 - पुलिस
108 - एंबुलेंस (स्वास्थ्य सेवा)
102 - एंबुलेंस (मातृ एवं शिशु सेवा)
101 - अग्निशमन (फायर ब्रिगेड)
1090 - महिला हेल्पलाइन
1091 - महिला पुलिस सहायता
1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन
104 - स्वास्थ्य सलाह सेवा
1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1033 - राष्ट्रीय राजमार्ग आपात सेवा
1073 - सड़क दुर्घटना आपात सहायता

## बिजली शिकायत

1912- (बिजली कटौती, फॉल्ट, लो वोल्टेज, बिल से जुड़ी शिकायतें)
वाट्सऐप: 8010957826


## नगर निगम

1533 - नगर निगम संपूर्ण शिकायत हेल्पलाइन
14420 — सीवर सफाई के लिए
18003094747- टोल-फ्री हेल्पलाइन (कॉमन सिटी शिकायत)
0565-2503632 - नगर निगम कार्यालय फोन (नियमित शिकायत)

## जल निगम, मथुरा

पढ़िए वो
जो पढ़ना चाहिए
यूनिक समय
www.uniquesamay.com

# श्रीजी मंदिर में बीएसएफ के जवानों ने सोहनी सेवा की



बरसाना के श्रीजी मंदिर में सोहनी सेवा करते बीएसएफ के जवान।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, बरसाना (मथुरा)।** देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले बीएसएफ के जवान राधा रानी मंदिर में अलग अंदाज में नजर आए। यहां दर्शन करने पहुंचे सीमा प्रहरियों ने सेवा भाव का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। 25 से अधिक जवानों ने यहां पूरे मंदिर में सोहनी सेवा की। फिर वाइपर लगाकर सफाई की। बीएसएफ जवानों के इस सेवा भाव को देख वहां मौजूद लोग अभिभूत हो गए। डिप्टी कमांडेंट चंद्रपाल सिंह की अगुवाई में जवानों का एक दल बरसाना राधारानी के दर्शन करने आया था। यहां पहुंचे दल ने दर्शन किए। इसके बाद मंदिर बंद हो गया। मंदिर बंद होने के बाद वहां साफ सफाई की जाने लगी। यह देख जवान अपने को रोक नहीं सके और वहां रखे झाड़ू वाइपर उठाकर स्वच्छता अभियान में लग गए। बीएसएफ की महिला जवान भी पीछे नहीं रहीं। उन्होंने भी अपनी टीम का साथ दिया और राधा रानी मंदिर में सोहनी सेवा की।

# बृज किशोरी ने फिर जीता रजत

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** जिमनास्टिक नेशनल चैंपियनशिप पुणे महाराष्ट्र में आयोजित प्रतियोगिता में राया क्षेत्र की प्रतिभावान अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अद्विता चौधरी ने रजत पदक जीतकर एक बार फिर बृज क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।



अद्विता चौधरी

पिछले वर्षों में यूरोपीय देश बुल्गारिया में रिदमिक जिम्नास्टिक जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया साथ ही गुरुग्राम, सूरत दिल्ली कोलकाता जम्मू जैसे अलग अलग शहरों में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अनेकों मेडल प्राप्त कर चुकी है। इस उपलब्धि पर मांट क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी, चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, समाजसेवी भूपेश अग्रवाल, मुकेश चौधरी आदि ने बधाई दी।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज पहुंचे गिरिराज की शरण में



गोवर्धन पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत करते भाजपाई।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मथुरा दौरे की शुरुआत गोवर्धन से की। उन्होंने दानघाटी मंदिर में दर्शन गोवर्धन की परिक्रमा की। उसके बाद वह वृंदावन पहुंचे और ठाकुर बांके बिहारी महाराज के दर्शन किए। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ब्रज वसुंधरा सोसाइटी में पहुंचे। पूर्व विधायक करिंदा सिंह, महानगर अध्यक्ष राजू यादव, गोवर्धन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने शिवराज सिंह चौहान का स्वागत किया।

## राष्ट्र के लिए बलिदान हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय

# असफलता हमेशा प्रेरणा देती है : एसएसपी

**संवाददाता**

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** सोमवार को अंत्योदय के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली दीनदयाल धाम में आयोजित बलिदान दिवस पर खेल कूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्र के लिए बलिदान दिया था। हमको असफलता से कभी घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उससे सीखना चाहिए। दीनदयाल धाम स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सीनियर सेकंडरी विद्या मंदिर में सुबह आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी ने कविता के माध्यम से अपनी बात रखी। विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स देते हुए श्लोक कुमार ने बताया कि भारतीय पुलिस सेवा की तैयारी के दौरान कई बार उनको असफलता हाथ लगी। वह



सोमवार को दीनदयाल धाम में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बलिदान दिवस पर खिलाड़ियों से परिचय लेते एसएसपी श्लोक कुमार।

निराश हुए, लेकिन उनसे सीखने वाले बच्चों को बढ़ता देख उनके अंदर भी सफल होने की प्रेरणा जागी तो वह भारतीय पुलिस सेवा में चयनित हो गए। वैसे, इस बीच कई अन्य नौकरी करने का भी विचार आया था। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को अपनाने और असफलता से सफल होने के लिए प्रेरणा लेने की सीख दी। एसएसपी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने आम लोगों को बढ़ने के लिए प्रेरित किया, उनके विचार और दर्शन प्रेरणादायी है। इससे पहले उन्होंने स्मारक में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण

### पहले दिन हुई खेल प्रतियोगिता

और दीप प्रज्वलित किया। पहले दिन आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मशाल प्रज्वलित करने के साथ एसएसपी ने खिलाड़ियों से परिचय लिया। खिलाड़ियों को खेल में हार कर भी जीतने का जोश पैदा करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में स्मारक समिति के मंत्री केशव शर्मा, मेला कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाठक, स्मारक निदेशक सोनपाल, प्रधानाचार्य लोकेश्वर प्रताप सिंह, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, भीकमचंद दुबे, राज दर्शन पचौरी, महीपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष पारस ठाकुर, रविंद्र सिंह तरकर, सुरेश तरकर तथा अमित सिंघल आदि मौजूद थे।

## श्री गोरी लाल गोयल मेमोरियल क्रिकेट चैंपियनशिप

# विद्या सागर अकादमी व माउंट हिल एकेडमी विजयी



विजेता को ट्रॉफी देते पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** रमनलाल शोरावाला इंटरनेशनल स्कूल रावल में चल रही फर्स्ट श्री गोरी लाल गोयल मेमोरियल क्रिकेट चैंपियनशिप अंडर-16 बॉयज 2026 के अंतर्गत रविवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में विद्या सागर अकादमी ने पुलिस मॉडर्न पब्लिक स्कूल, मथुरा को 53 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विद्या सागर अकादमी ने 169 रन बनाए। जवाब में पुलिस मॉडर्न स्कूल की टीम 116 रन पर ऑलआउट हो गई। विद्या सागर के दुष्यंत ने 57 रन बनाए, जबकि आयुष ने 17 रन के साथ 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। विनय ने 2 विकेट लिए। पुलिस मॉडर्न स्कूल के कृष्णा ने 26 और निश्चल ने 24 रन बनाए। दूसरे मैच में रमनलाल शोरावाला पब्लिक स्कूल ने माउंट हिल एकेडमी के खिलाफ 73 रन का लक्ष्य दिया, जिसे माउंट हिल एकेडमी ने 4 ओवर में हासिल कर लिया। दीपक ने 13 गेंदों में 54 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच बने। अंपायर दिनेश कल्ली व बॉबी तथा स्कोरर विवेक यादव रहे।

## मैरिज होम में फोटोग्राफर से लड़की पक्ष का हुआ झगड़ा

# फोटोग्राफर के लोगों ने लड़की पक्ष से की मारपीट और फायरिंग

**कार्यालय संवाददाता**

**यूनिक समय, चौमुहां/ सुरीर (मथुरा)।** सुरीर से लड़की की शादी करने के लिए चौमुहां के एक मैरिजहोम में आए लड़की पक्ष के लोगों का फोटोग्राफर से हुए झगड़े से मैरिज होम मे वबाल मच गया। झगड़े में चली गोली एक युवक को लगी। मारपीट में कई लोग चुटैल हो गए। गोली चलाने वाले को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया गया कि चौमुहां के जुझारू थोक निवासी भीकम चंद के पुत्र अतुल की शादी राधाकृष्ण मैरिज होम में हो रही थी। शादी के लिए सुरीर निवासी पीतांबर गुप्ता अपनी बेटी ज्योति को लेकर परिवार और अपने



रिश्तेदारों के साथ चौमुहां के मैरिज होम में आए हुए थे। शादी का प्रोग्राम अच्छी तरह से चल रहा था। शादी के प्रोग्राम में चौमुहां निवासी राघव फोटो ग्राफी कर रहा था। राघव के साथ

### कन्या के बड़े भाई को लगी गोली, चाचा आदि हुए घायल

फोटो आदि खींचने को लेकर लड़की पक्ष का झगड़ा हो गया। झगड़े में फोटो ग्राफर से लड़की पक्ष के लोगों ने मारपीट कर दी। इस पर आक्रोशित फोटो ग्राफर ने गांव के लोगों को बुला लिया। इसके बाद मैरिज होम में हुई मारपीट के चलते जमकर हंगामा खड़ा हो गया। हमलावरों ने लड़की के पक्ष के लोगों पर फायरिंग कर दी। गोली युवक चिराग उर्फ चिंटू के हाथ में लगी और वह घायल हो गया। इसके साथ ही चिराग के छोटे भाई अमन गुप्ता के पैर को छूती हुई एक गोली निकल गई। ज्योति के चाचा दिनेश गुप्ता से भी मारपीट की गई जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। लड़का पक्ष पर फायरिंग करने वाले युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। मैरिज होम में हुए झगड़े की सूचना मिलने पर पुलिस भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। घायल चिराग ज्योति का रिश्ते में बड़ा भाई है। उसे सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। चौकी प्रभारी आंझई (थाना जैंत) ने बताया कि इस मामले में तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।




## शेरगढ़ से ब्रांच पोस्ट मास्टर का अपहरण, पुलिस जांच में जुटी

**संवाददाता**

**यूनिक समय, शेरगढ़।** ग्रामीण डाक सेवक ब्रांच पोस्ट मास्टर अगरयाला का अपहरण होने से पूरी क्षेत्र में सनसनी फैल गई। थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि सोमवार को दोपहर सूचना मिली कि अगरयाला नाला से एक आदमी का अपहरण हो गया है, जानकारी की गई तो बताया कि वह रामवीर पुत्र रघुनाथ निवासी कामर थाना कोसीकलां है और अगरयाला के डाकघर में कार्यरत है। इसका नाले से अपहरण कर लिया गया है। इसकी जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार वह अगरयाला के डाकघर में ग्रामीण डाक सेवक ब्रांच पोस्ट मास्टर के पद पर कार्यरत था। बताया गया कि


रामवीर

वह ड्यूटी करने के लिए सुबह जा रहा था कि उसका रास्ते में ही नाले से अपहरण कर ले जाया गया। उसकी सूचना परिवार जनों को दे दी गई है। मौके पर सभी पहुंच गए। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है।

## ट्रक की टक्कर से कार सवार महिला की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना महावन क्षेत्र स्थित ग्राम खप्परपुर के समीप बीती रात ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार सवार महिला की मौत हो गई। इस मामले में दुर्घटना करने वाले ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गौरतलब है कि थाना महावन क्षेत्र स्थित महावन बलदेव मार्ग पर खप्पर पुलिस चौकी के समीप बीती रात एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार एक महिला सहित तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए। दुर्घटना का पता लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार में फंसे तीनों घायलों को निकाल कर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि गंभीर रूप से घायल महिला कस्तूरी देवी को इलाज के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कस्तूरी देवी के पति हरी

### पति और बेटे की हालत नाजुक, आगरा में चल रहा है इलाज

सिंह और बेटे की हालत चिंताजनक होने पर उन्हें आगरा रेफर कर दिया गया। बताया गया कि गांव लालोर थाना सिटी कोतवाली मुरैना के रहने वाले हरी सिंह अपनी पत्नी और बेटे के साथ कार से एम्स हॉस्पिटल से दवा लेने के लिए जा रहे थे। रास्ते में उनकी कार को तेज गति से आते ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने दुर्घटना के बारे में हरी सिंह के परिवार के लोगों को सूचना दी। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने पर उनके दामाद राजवीर सिंह ने इस मामले में ट्रक चालक के खिलाफ थाना महावन में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## ट्रेन से गिर कर युवक की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र से होकर गुजरने वाली रेलवे लाइन के किनारे नरहौली पुल के समीप एक युवक का शव पड़ा मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि रेलवे ट्रैक के समीप मिले शव की शिनाख्त मोहित कुमार (27) पुत्र सोदान सिंह निवासी रायपुर खादर थाना चांदपुर जिला बिजनौर के रूप में हुई है। युवक इंदौर से काम करने के बाद किसी ट्रेन से लौट रहा था। इस बात की संभावना व्यक्त की जा रही है कि युवक रात के समय वहां से गुजरती

### रेलवे लाइन पर पड़ा मिला शव

किसी ट्रेन से गिरा होगा। ट्रेन के गिरने से युवक का एक पैर कट गया और हाथ टूट गया था।

मृतक के पास से मिले मोबाइल फोन से पुलिस ने उसके परिवार के लोगों को फोन कर उसकी मौत की जानकारी दी। पुलिस से मिली सूचना के आधार पर युवक के परिवारीजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोग उसके शव को लेने के लिए मथुरा मोरचरी पहुंच गए।

## राया में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** हाथरस–मथुरा मार्ग स्थित गांव नगला मिश्रीया के समीप रविवार रात्रि अज्ञात वाहन की चपेट में आकर 28 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह, पुलिस चौकी बिचपुरी प्रभारी वीरेंद्र सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए। शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया।

## वृंदावन में मिले अज्ञात युवक की हुई शिनाख्त

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली वृंदावन क्षेत्र स्थित बारह घाट इलाके से मिले अज्ञात वृद्ध के शव की शिनाख्त दमोह निवासी सुखनंदन पटेल के रूप में उसके परिवार के लोगों ने मोर्चरी पर आकर की है। गौरतलब है कि पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बारह घाट के पास से बरामद किया था। मतृ वृद्ध के पास से मिली एक डायरी के नंबर पर पुलिस ने जब जानकारी करनी चाही तो पुलिस को उसके परिवार के लोगों का पता लग गया। परिवार के लोगों ने आज मोर्चरी आकर बताया कि सुख नंदन पटेल 26 जनवरी को गांव छिबला दमोह से वृंदावन भ्रमण के लिए आए थे। इसके बाद से उनका कुछ पता नहीं लगा था। पुलिस ने फोन किया तो पता लगा कि उनकी वृंदावन में मौत हो गई है। पुलिस से मिली सूचना के आधार पर परिवार के लोग उनके शव को लेने के लिए यहां आए हैं। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिवार के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए शव को सौंप दिया।

## जीआरपी ने घर से भागी लड़की बरामद की

**यूनिक समय, मथुरा।** राजकीय रेलवे पुलिस ने मथुरा जंक्शन के प्लेट फार्म संख्या आठ से घर से बिना बताए आई एक बालिका को बरामद करने के बाद उसके परिवारीजनों को सौंप दिया। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक विपिन कुमार क्यूआरटी टीम और महिला हेड कांस्टेबल रीना के साथ रेलवे स्टेशन पर चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग टीम मथुरा जंक्शन के प्लेटफॉर्म सख्या आठ पर पहुंची तो वहां एक बालिका प्लेटफॉर्म पर इधर–उधर घूमती दिखाई दी। महिला हेड कांस्टेबल रीना ने बालिका से पूछा तो उसने बताया कि वह अपने घर से बिना बताए चली आई है। रीना ने उससे अच्छी तरह बातचीत कर उसके परिवार के बारे में जानकारी हासिल की। इसके

### परिवार के लोगों को बुला कर किया सुपुर्द

### बालिका ने बताया कि वह अपने घर से बिना बताए चली आई है

बाद बालिका को थाने पर महिला हैल्प डेस्क पर लाकर बिठाया गया और इसके माता पिता का नंबर मालूम किया गया। फोन पर बातचीत करने पर लड़की के पिता ने बताया कि उनकी बेटी घर से लापता है। उसके संबंध में थाना सेक्टर 23 द्वारिका नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। लड़की के पिता और सेक्टर 23 से हेड कांस्टेबल संदीप कुमार जीआरपी मथुरा जंक्शन थाने आए। जीआरपी ने लड़की को उनके सुपुर्द कर दिया।




# नगर निगम की कार्रवाई से बढ़ी आय टैक्स वसूली में हुआ इजाफा

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने वित्तीय वर्ष एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के दौरान टैक्स वसूली में बढ़ोतरी दर्ज की है। नगर निगम के अनुसार बीते वित्तीय वर्ष की तुलना में इस बार कर संग्रह में लगभग पंद्रह से बीस प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। मिली जानकारी के अनुसार यह बढ़ोतरी लगातार की गई जांच, नियमों के पालन और जुमनि की कार्रवाई के कारण हुई है। नगर निगम ने शहर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए कब्जों पर कार्रवाई की गई। अतिक्रमण के मामलों में कुल

## अतिक्रमण, पॉलीथिन, गंदगी, आवारा पशु और पालतू कुत्तों पर जुर्माने से मिला अधिक राजस्व

पांच लाख छियासठ हजार आठ सौ रुपये का जुर्माना वसूला गया। इससे शहर की व्यवस्था अच्छी हुई और आम लोगों को आने–जाने में राहत मिली है। सरकार द्वारा स्वच्छता को लेकर भी नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया। खुले में पॉलीथिन बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए लगभग अठारह लाख नौ हजार दो सौ रुपये का जुर्माना लगाया गया। पॉलीथिन के उपयोग से गंदगी बढ़ती है और पर्यावरण को नुकसान होता है, इसलिए इस पर रोकने के लिए यह अभियाना चलाया जाता है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ भी चालान काटे गए। सड़क, बाजार और अन्य जगहों पर कूड़ा फैलाने के मामलों में नवासी हजार पाँच सौ पचास रुपये की वसूली की गई। नगर निगम का मानना है कि जुर्माने से लोगों में सफाई को लेकर जागरूकता बढ़ी है। शहर में आवारा पशुओं की समस्या को देखते हुए निगम ने सख्ती दिखाई। सड़कों पर पशु छोड़ने वालों पर कार्रवाई करते हुए दो लाख चौंतीस हजार एक सौ रुपये का जुर्माना वसूला गया। इससे यातायात में सुधार हुआ और दुर्घटनाओं का खतरा कम होता है, इस निगम की कार्यवाही से स्थानीय लोगों ने सराहना भी की है। इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम ने पालतू कुत्तों को लेकर भी नियम लागू किए। बिना पंजीकरण या नियमों का पालन न करने वाले मामलों में अड़तीस हजार तीन सौ पचास रुपये का जुर्माना लगाया गया। निगम अधिकारियों के अनुसार कुत्ते पालने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और कई बार लोगों पर हमले की शिकायतें भी मिलती हैं। नगर निगम के अनुसार इस वर्ष टैक्स और जुर्माने से होने वाली आय में साफ तौर पर बढ़ोतरी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि आगे भी शहर की सफाई, सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।




# राया में निकली माता शाकम्भरी की रथयात्रा


माता शाकम्भरी की रथयात्रा में शामिल भक्त।

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** माता शाकम्भरी देवी के 29 वें पाटोत्सव पर श्री शाकम्भरी सेवा समिति के तत्वावधान में चामुण्डा कॉलोनी रेतिया बाजार से शाकम्भरी देवी की रथयात्रा निकाली गयी। भक्तजनों ने पुष्पवर्षा कर रथयात्रा का स्वागत किया। प्रातः पूजा अर्चना के साथ रथयात्रा शहनाई के साथ प्रारंभ हुई। विभिन्न बाजारों से होती हुई मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई। दोपहर को मंदिर पर फूल बंगला सजाया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा, अरविंद शर्मा, मगनलाल पुरोहित, अभिषेक पाराशर, विशाल पाराशर, रामकुमार उपाध्याय तथा कृष्णा उपमन्यु आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय अधिवेशन एवं सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां


बृजस्थ मैथिल ब्राह्मण की बैठक में विचार विमर्श करते पदाधिकारी एवं सदस्य।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री ब्रजस्थ मैथिल ब्राह्मण महासम्मेलन आगरा शाखा सभा मथुरा ने 19 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन एवं सामूहिक विवाह समारोह के लिए धौली प्याऊ स्थित हनुमान नगर हनुमान मंदिर पर बैठक की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई समितियों का गठन किया। बैठक की अध्यक्षता हीरालाल शर्मा ने की। महासचिव केएस शर्मा ने सभी लोगों से विचार विमर्श कर समितियों का गठन करके सभी कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी लोगों से सुझाव मांगे गए। सामूहिक विवाह समारोह के

## श्री ब्रजस्थ मैथिल ब्राह्मण महासम्मेलन आगरा शाखा मथुरा की बैठक में सौंपी जिम्मेदारी

लिए अभी तक चार जोड़ों का पंजीकरण हो चुका है। बैठक में यूजीसी के नये नियमों एवं नीरज पांडे द्वारा निर्देशित फिल्म घूसखोर पंडित का पूरा ब्रजस्थ मैथिल ब्राह्मण समाज ने विरोध किया। बैठक में गया प्रसाद, आरपी मिश्रा, डोरी लाल शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, नेमचंद शर्मा, सुरेश चंद शर्मा, दयाशंकर शर्मा, डॉ. आशीष मिश्रा एवं मीडिया प्रभारी के के शर्मा बबलू आदि उपस्थित थे।

# छात्राओं के लिए बजट को समझना अत्यंत आवश्यक



आरसीए बालिका महाविद्यालय में माय भारत बजट पर बोलती वक्ता।

प्रमुख संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। आरसीए बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'माय भारत बजट' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. वीरमती सिंह ने केंद्रीय बजट 2026-27 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बताया कि यह बजट भारत के बुनियादी ढांचे के विस्तार और औद्योगिक विकास पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि बायोफार्मा शक्ति, रेयर अर्थ मैटीरियल अनुसंधान तथा रक्षा क्षेत्र में बढ़ता निवेश भारत की रणनीतिक क्षमता और तकनीकी आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगा।

## आरसीए बालिका महाविद्यालय में 'माय भारत बजट' विषय पर व्याख्यान

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अंजुबाला अग्रवाल ने कहा कि छात्राओं के लिए बजट को समझना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे अपने और समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार से उचित मांग कर सकें। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. प्रतिभा एवं सोनम यादव ने किया। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. प्रतिभा ने किया।

# रंग यात्रा सम्मान से रविंद्र मोहन त्रिपाठी सम्मानित


गीतकार रविंद्र मोहन त्रिपाठी को सम्मानित करते पदाधिकारी।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जागृति कला संगम के बैनर तले ब्रज धरोहर रंग यात्रा सम्मान पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। शहनाई वादन के बाद वेदांत कौशिक ने शंखनाद के मध्य वैदिक मंत्र उच्चारण का पाठन किया। सौरभ कौशिक एवं महिमा कौशिक ने मंगलाचरण आराधना की। बृज धरोहर रंग यात्रा सम्मान कवि शिरोमणि गीतकार रविंद्र मोहन त्रिपाठी को रंग यात्रा के निदेशक पंडित लोकनाथ कौशिक समेत संस्था के पदाधिकारी ने सम्मानित किया। अध्यक्षता कवि एवं गीतकार राधा गोविंद पाठक ने की। मुख्य अतिथि रमेंद्र मोहन त्रिपाठी का सम्मान किया गया। संचालन कवित्री वेणु उपाध्याय ने किया। इस अवसर मनीष पाल, अवधेश शर्मा, अर्जुन सिंह, अक्षय सत्संगी एवं मृत्युंजय पाठक मौजूद थे।

# एसएसपी ने किए 22 उप निरीक्षकों के स्थानांतरण

**यूनिक समय, मथुरा।** एसएसपी ने एक बार फिर से 22 उप निरीक्षकों को इधर से उधर कर पुलिस प्रशासन में सक्रियता लाने का प्रयास किया है। पुलिस पीआरओ के अनुसार उप निरीक्षक हरेंद्र कुमार को थाना मगोर्रा से चौकी प्रभारी बारह मासी मांट, उप निरीक्षक लोकेश कुमार को थाना बलदेव से चौकी प्रभारी मानागढ़ी थाना नौहझील, उप निरीक्षक महिला मीनू को थाना मगोर्रा से थाना गोविंदनगर, उप निरीक्षक विकास कुमार को चौकी प्रभारी सतोह हाईवे से थाना हाईवे, उप निरीक्षक योगेश गौतम को पुलिस चौकी औद्योगिक क्षेत्र से थाना हाईवे, उप निरीक्षक विनीत चौधरी को




थाना सुरीर से चौकी प्रभारी सतोहा हाईवे, उप निरीक्षक अवधेश पुरोहित को चौकी बारह मासी मांट से थाना सुरीर, उप निरीक्षक मनोज कुमार को थाना सुरीर से थाना मगोर्रा, उप निरीक्षक मुनीश कुमार को यूपी 112 से थाना सदर बाजार, उप निरीक्षक चरन सिंह को 112 से प्रभारी आरटीआई सेल, उप निरक्षक अरविंद कुमार को चौकी प्रभारी

## कई चौकी प्रभारी बदले, कई को पुलिस लाइन भेजा

सिविल लाइन से चौकी प्रभारी ओल थाना फरह, उप निरीक्षक संदीप कुमार को थाना शेरगढ़ से चौकी प्रभारी औद्योगिक नगर हाईवे, उप निरीक्षक मोनू सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी सिविल लाइन थाना सदर बाजार, उप निरीक्षक संदीप राणा को चौकी प्रभारी मानागढ़ी नौहझील से थाना एएचटीयू, उप निरीक्षक उज्जवल शर्मा को थाना बलदेव से चौकी प्रभारी कस्बा राया, उप निरीक्षक रवींद्र बाबू को चौकी प्रभारी कस्बा राया से थाना कोतवाली, महिला उप निरीक्षक रीता गौतम को थाना सदर बाजार से कोतवाली, उप निरीक्षक रामतीर्थ को महावन से थाना बलदेव, उप निरीक्षक ओमकार को थाना महावन से थाना सुरीर, उप निरीक्षक संदीप कुमार को पुलिस लाइन से प्रभारी एसओजी टीम, उप निरीक्षक रजनीश नैन को चौकी प्रभारी गढ़ी बरवारी कोसीकलां से पुलिस लाइन व उप निरीक्षक नकुल कुमार को थाना गोविंदनगर से चौकी प्रभारी गढ़ी वरवारी थाना कोसीकलां के लिए स्थानांतरित किया गया है।

## पुलिस की लापरवाही हुई उजागर

# पुलिस नहीं कर सकी अपने ही आवास की जमीन पर कब्जा

**संवाददाता**

**यूनिक समय, मांट।** पुलिस आवास के लिए 33 वर्ष पूर्व मांट मूला बांगर में आवंटित जमीन को आखिर कार आसमान खा गया या जमीन निगल गई। दो दिन घण्टो तक फीता खींचने के बाद भी इस जमीन का पता नहीं चल पा रहा है। सन 1992 में तत्कालीन मांट मूला प्रधान लहरी शंकर रावत ने मांट मूला बांगर के पांच खसरा नम्बरों में कुल 1.2680 हेक्टेयर जमीन का आवंटन पुलिस आवास के लिए किया था, जो आज भी राजस्व रिकॉर्ड में अंकित है। पुलिस विभाग की शिथिलता के चलते तब से लेकर अब तक विभाग को अपनी ही जमीन को कभी देखने की फुर्सत नहीं मिली, तो पड़ोसी खेत स्वामियों ने धीरे धीरे पुलिस की जमीन पर ही कब्जे शुरू कर दिए। थाना प्रभारी निरीक्षक जसबीर सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी अभिमन्यु मलिक व हैड मुहर्रिर मलखान सिंह को आखिर अपनी जमीन की सुध आई, और इसमें प्रयास शुरू किए, दो बार कई घंटो तक खोई जमीन को पाने के लिए जरीब डालने की औपचारिकता की गई। पुलिस ही अपनी जमीन पर कब्जा नहीं कर पाई, तो आम नागरिक उनसे भला क्या उम्मीद कर सकता है, ऐसा भी नहीं है कि उच्च अधिकारियों के संज्ञान में ये मामला न हो, पर थाने स्तर से अधिकारियों को सही जानकारी नहीं भेजी गई, हालात यह हैं कि पुलिस आवास की जमीन के एक पड़ोसी ने ग्राम न्यायालय से स्टे ले लिया, पर पुलिस द्वारा उसकी भी दमदार पैरवी नहीं की गई।

## मुंसिफ कोर्ट की जमीन पर भी अवैध कब्जे

**यूनिक समय, मांट।** मांट राजा में वृंदावन रोड पर करीब 12 साल पहले तत्कालीन ग्राम प्रधान अशरफ अहमद के कार्यकाल में मुंसिफ न्यायालय की स्थापना हेतु करीब चार एकड़ जमीन का प्रस्ताव किया गया, जो राजस्व खतौनी में दर्ज भी है। पर यहां भी न्याय विभाग की अनदेखी के चलते न तो आज तक यहां कोई भवन बना न ही विभाग ने अपनी जमीन की परवाह ही की, भविष्य में यहां भी मांट मूला में पुलिस की जमीन खोजे से नहीं मिल रही है, उसी तरह मुंसिफ न्यायालय की जमीन के साथ भी होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।




# जैसवाल जैन महासभा का 26 वां राष्ट्रीय अधिवेशन


अखिल भारतवर्षीय जैसवाल जैन महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार जैन लोगों से भेंट करते हुए। साथ में निर्भय जैन, मनीष जैन तथा योगेश जैन आदि।

मथुरा के सुबोध कुमार जैन बने तीन वर्ष के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष

मुख्य संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। अखिल भारतवर्षीय जैसवाल जैन महासभा का 26 वां राष्ट्रीय अधिवेशन जैन इंटर कॉलेज, चौरासी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत धर्म ध्वजारोहण से हुई। साथ ही बालिकाओं ने मंगलाचरण और नाटिका प्रस्तुत किए। महिला मंडल ने भजन पर नृत्य प्रस्तुत करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम व चर्कुला नृत्य के माध्यम से होली महोत्सव का मंचन किया गया। प्रो. डॉ. राजकमल जैन को समाज सेवा के लिए "समाज रत्न" की उपाधि से सम्मानित किया गया। महामंत्री अंबुज जैन ने अपने कार्यकाल की रिपोर्ट सदन में पेश की। कोषाध्यक्ष पदम जैन ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। राहत कोष मंत्री आनंद जैन ने राहत कोष की जानकारी दी। निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष जैन ने सुबोध कुमार जैन को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा। इस प्रकार सुबोध कुमार जैन, मथुरा को अगले तीन वर्ष के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पचास से अधिक बुजुर्गों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में अजय जैन (चांदी वाले) को कार्यकारी अध्यक्ष तथा सुबोध कुमार जैन (आगरा) को महामंत्री बनाया गया। अधिवेशन में महापौर विनोद अग्रवाल ने जैन समाज के देशहित में किए गए कार्यों की सराहना की। इस मौके पर पार्षद राजवीर सिंह चौधरी, निर्भय जैन, संजीव जैन, मुनीष जैन, योगेश जैन, अजीत जैन, सचिन जैन, अजय जैन एवं आलोक जैन आदि मौजूद थे।

# रक्षामंत्री से मुलाकात कर केशी घाट पर पक्के पुल की मांग


दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथसिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते रामू राघव व अन्य।

**संवाददाता**

**यूनिक समय, मांट।** कस्बे के युवा समाजसेवी रामु राघव ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही यूजीसी जैसे काले कानून को वापस करने तथा वृंदावन मांट को जोड़ने वाले यमुना मार्ग पर पक्का पुल बनाने का अनुरोध किया।

इस मौके पर मांट मूला में शमशान घाट न होने की जानकारी रक्षामंत्री को दी गई। गत दिवस दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ से मुलाकात कर कस्बा लौटे युवाओं ने बताया कि रक्षामंत्री ने उन्हें बड़ी ही सज्जनता एवं सहजता से आदर दिया। जब उन्होंने केशी घाट पर यमुना पक्का पुल बनाने की बात कही तो उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव को अवश्य आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। इसी मौके पर यूजीसी के प्रस्तावित कानून पर भी युवा नेताओं ने स्पष्ट रूप से विरोध दर्ज करते हुए उसे वापस लेने की मांग उठाई। रक्षामंत्री ने सकारात्मक रूझान दिया। रक्षामंत्री से मिले प्रतिनिधिमंडल में रामू राघव के साथ निशाद राठौर, सचिन शर्मा भी शामिल थे।

# अग्रवाल महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री बने हिमांशु अग्रवाल


अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की एक महत्वपूर्ण सभा शिवाशा स्टेट, गोवर्धन रोड स्थित जिला कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभा का संचालन राष्ट्रीय महामंत्री हरिओम अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा नए सदस्यों को जोड़ने पर विस्तार से चर्चा की गई। उच्च नेतृत्व द्वारा संगठन में नए दायित्वों का आवंटन करते हुए हिमांशु अग्रवाल को प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। वहीं मंतोष अग्रवाल को जिला अध्यक्ष तथा मनोज अग्रवाल को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त कुछ पदाधिकारियों को पदोन्नत कर प्रदेश संगठन से जोड़ा गया, जिनकी घोषणा शीघ्र की जाएगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों का सभी सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। अंत में प्रदेश संगठन मंत्री हिमांशु अग्रवाल ने संगठन के प्रति विश्वास जताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। सभा में प्रदेश संरक्षक मूलचंद गर्ग, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल, जिला महामंत्री मनोज अग्रवाल (किरोड़ी), कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल सीए, ऑडिटर यश अग्रवाल, संगठन मंत्री योगेश अग्रवाल, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष नीलम अग्रवाल, महामंत्री रचना अग्रवाल सहित मनोज अग्रवाल व अनुज अग्रवाल उपस्थित रहे।

# पुजारी के साथ पुलिस की अभद्रता का वीडियो वायरल

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना मांट भांडीर वन में पुलिसकर्मियों द्वारा एक साधु के साथ की जाने वाली अभद्रता का वीडियो वायरल हो रहा है। एक पुजारी ने पुलिसकर्मियों के इस निंदनीय कार्य के लिए कार्रवाई करने की योगी आदित्यनाथ से मांग की है। वायरल वीडियो भांडीरवन का बताया जा रहा है। वीडियो में कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा एक पुजारी के साथ अभद्रता करते हुए उसे खींच कर ले जाया जा रहा है। पुलिस कर्मियों द्वारा की जाने वाली इस कार्रवाई पर वहां के एक पुजारी द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ भी एक योगी हैं। उनके राज्य में साधु और पुजारियों पर पुलिस द्वारा इस तरह की कार्रवाई करने पर पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## पुलिसकर्मी किस तरह से पुजारी के साथ कर रहे हैं व्यवहार

# डेटा साइंस के व्यावहारिक पहलुओं से रूबरू हुए राजीव एकेडमी के विद्यार्थी

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी फॉर टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट, मथुरा में बीसीए छात्र–छात्राओं के लिए "डेटा साइंस के लिए पायथन" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ड्यूकैट के डेटा साइंटिस्ट प्रतीक गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को डेटा साइंस के व्यावहारिक उपयोगों और उद्योग में इसकी बढ़ती भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रतीक गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में डेटा साइंस विभिन्न क्षेत्रों में निर्णय लेने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना रहा है। उन्होंने पायथन को डेटा एनालिसिस, डेटा विजुअलाइजेशन और मशीन लर्निंग के लिए एक शक्तिशाली प्रोग्रामिंग भाषा बताया। साथ ही पैंडस, नमपाई और साइकिट–लर्न जैसी प्रमुख लाइब्रेरीज की उपयोगिता और उनके वास्तविक प्रयोगों की जानकारी दी। व्याख्यान के दौरान डेटा साइंस इकोसिस्टम का अवलोकन प्रस्तुत किया गया, जिसमें डेटा क्लीनिंग, डेटा मैनिपुलेशन और विजुअलाइजेशन की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया गया। विद्यार्थियों को मैटप्लॉटलिब और सीबॉर्न के माध्यम से डेटा विजुअलाइज़ेशन का लाइव डेमो भी दिखाया गया। मशीन लर्निंग सत्र में साइकिट–लर्न के जरिए प्रेडिक्टिव मॉडलिंग की बुनियादी जानकारी दी गई। इंटरेक्टिव सत्र में विद्यार्थियों ने डेटा साइंस में करियर अवसरों और आवश्यक स्किल्स को लेकर प्रश्न पूछे। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट प्रमुख डॉ. विकास जैन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योग से जोड़ने में सहायक होते हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. अमर कुमार सक्सेना ने अतिथि वक्ता का आभार व्यक्त किया।


बीसीए छात्र—छात्राओं को डेटा साइंस की जानकारी देते ड्यूकैट के डेटा साइंटिस्ट प्रतीक गुप्ता।

## डेटा साइंटिस्ट प्रतीक गुप्ता ने प्रमुख लाइब्रेरीज की उपयोगिताएं बताई

**विशेष अनुरोध**

यदि आपको यूनिक समय समाचार पत्र की प्रति (कॉपी) प्राप्त नहीं हो रही है तो हमारे इस मोबाइल नंबर पर संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। 8394983366

# मिर्गी : झटकों के पीछे छिपी मस्तिष्क की कहानी

**यूनिक समय, मथुरा।** मिर्गी (एपिलेप्सी) मस्तिष्क से जुड़ा एक दीर्घकालिक न्यूरोलॉजिकल विकार है, जिसमें व्यक्ति को बार-बार दौरे पड़ते हैं। ये दौरे मस्तिष्क में अचानक होने वाली असामान्य विद्युत गतिविधि के कारण होते हैं। मिर्गी किसी भी उम्र में हो सकती है और इसका संबंध आनुवंशिक कारणों, सिर की चोट, मस्तिष्क संक्रमण या जन्म से जुड़ी जटिलताओं से हो सकता है। हालांकि यह रोग डरावना लग सकता है, लेकिन सही समय पर इलाज और संतुलित जीवनशैली अपनाकर इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

मस्तिष्क की कोशिकाएं आपस में विद्युत संकेतों के माध्यम से संवाद करती हैं। जब इन संकेतों में अचानक असंतुलन आ जाता है, तब दौरे पड़ते हैं। मिर्गी के दौरे हर व्यक्ति में एक जैसे नहीं होते। किसी को कुछ सेकंड के लिए बेहोशी आती है, तो किसी में शरीर में तेज झटके, अजीब संवेदनाएं या व्यवहार में बदलाव दिखते हैं। कई मामलों में व्यक्ति को दौरे के बाद थकान, भ्रम या सिरदर्द भी हो सकता है।




मिर्गी से ग्रस्त लोगों की कहानियाँ संघर्ष के साथ-साथ हिम्मत और आत्मविश्वास की मिसाल भी हैं। चरीनी नाम की एक लड़की की कहानी बताती है कि खेलते समय अचानक दौरे पड़ने से वह खुद को दोस्तों से अलग महसूस करने लगी थी। इस बीमारी का असर सिर्फ शरीर पर नहीं, बल्कि सामाजिक और मानसिक जीवन पर भी पड़ता है। ईडन की कहानी उम्मीद जगाती है। सही समय पर निदान और दवा मिलने के बाद वह फिर से खेलकूद जैसी गतिविधियों में लौट सका और सामान्य जीवन जीने लगा। वहीं जेस की कहानी बचपन से जुड़ी है, जिसे शिशु अवस्था में ही ऐंठन शुरू हो गई थी। सही इलाज और नियमित देखभाल से उसकी स्थिति को नियंत्रित किया जा सका। मिर्गी के साथ जीना अनिश्चितता से भरा हो सकता है। कई बार लोगों को सार्वजनिक जगहों पर दौरे आने का डर सताता है। समाज में फैली भ्रांतियां इस डर को और बढ़ा देती हैं।

मथुरा के वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रिंस अग्रवाल का कहना है कि मिर्गी को लेकर समाज में आज भी कई गलतफहमियाँ फैली हुई हैं। उन्होंने बताया कि मिर्गी कोई मानसिक कमजोरी या छूत की बीमारी नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह से एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है। सही समय पर जांच और नियमित दवाइयों से लगभग 70 से 80 प्रतिशत मरीज पूरी तरह सामान्य जीवन जी सकते हैं। सबसे जरूरी है कि मरीज बिना डॉक्टर की सलाह के दवा बंद न करें और पर्याप्त नींद लें। डॉ. प्रिंस अग्रवाल के अनुसार, मिर्गी के मरीजों को तनाव से बचना चाहिए और नियमित दिनचर्या अपनानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि परिवार और समाज का सहयोग मरीज के आत्मविश्वास को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। यदि दौरे की स्थिति में घबराने के बजाय सही प्राथमिक उपचार दिया जाए, तो मरीज को नुकसान से बचाया जा सकता है। जागरूकता ही इस बीमारी से जुड़े डर और भेदभाव को खत्म करने का सबसे बड़ा हथियार है।

# होली में केमिकल भरे रंगों को करें बाय–बाय, ऐसे बनाएं हर्बल कलर



**यूनिक समय, मथुरा।** होली का मतलब रंगों के साथ ढ़ेर सारी मस्ती। लेकिन होली की ये मस्ती तब भारी पड़ जाती है जब केमिकल से भरे रंग आपकी त्वचा और बालों को नुकसान पहुंचा देते हैं। हालांकि, इस नुकसान से बचने के लिए होली में हर्बल रंगों का उपयोग कर सकते हैं। ये रंग आसानी से घर में बनाए भी जा सकते हैं। रंगों को बनाने के लिए फूल, सब्जी, मसाले और पत्तों का उपयोग किया जाता है। आइए हम आपको बताते हैं होली में हर्बल रंगों को बनाने के आसान तरीके।

होली में लाल रंग को बनाने के लिए चुकंदर को उपयोग में लाया जाता है। इसके लिए सबसे पहले चुकंदर को छील कर काट लें। इसके बाद इसे गर्म पानी में उबाल लें। उबले हुए पानी को छान कर ठंढ़ा कर लें और लाल रंग तैयार। अगर रंग को गाढ़ा करना हो तो बचे हुए चुकंदर को पीस कर पानी में मिला दें इससे आपका रंग और गाढ़ा हो जाएगा। वहीं, अगर आपको गुलाबी रंग तैयार करना है तो चुकंदर में पहले की तुलना में ज्यादा पानी मिलाकर उबाले, इससे गुलाबी रंग तैयार हो जाएगा। इन रंगों को पिचकारी में भरकर बच्चे भी इस्तेमाल कर सकते हैं। यह रंग पूरी तरह सेफ है अगर आंखों में भी चले जाए तो कोई नुकसान नहीं होता है।

पीला रंग बनाने के लिए रसोई में मौजूद सामान का इस्तेमाल किया जाता है। हल्दी सो पीला रंग बनाने के लिए आप हल्दी के टुकड़े को पीस कर कर या पिसी हुई हल्दी को पानी में उबाल कर रंग तैयार कर सकते हैं। वहीं, अगर हल्दी से सूखा रंग या गुलाल बनाना है तो हल्दी को अरारोट, मैदे या आंटे में मिलाकर आप गुलाल और सूखा रंग बना सकते हैं। ये रंग जब चेहरे पर लगाएंगे तो इससे नुकसान होने के बजाए कई फायदे होंगे।

केसरिया रंग को बनाने के लिए फूल का उपयोग किया जाता है। इस रंग को बनाने के लिए पलाश और गेंदे के फूल का इस्तेमाल किया जाता है। पलाश के सूखे फूलों को गर्म पानी में उबाल लें या बाल्टी में रातभर के लिए भीगा कर छोड़ दें और सुबह इसे छान दें। इससे बाल्टी भर केसरिया रंग तैयार हो जाएगा।

हरा गुलाल बनाने के लिए नीम के पत्तों को सुखाकर पीस लें, इससे पाउडर को आप गुलाल की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके साथ आप मेंहदी के पत्ते से भी हरा रंग तैयार कर सकते है। मेंहदी के पत्ते को पीस कर उसे बारीक कपड़े से छान लें और इसमें पानी मिलाकर खूब होली खेलें। इसे आंटे में मिलाकर गुलाल की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

# नारियल पानी पीने से कई बीमारियां रहती हैं दूर

**यूनिक समय, मथुरा।** गर्मियों का मौसम आने वाला है, होली के बाद गर्मी की शुरूआत हो जाती है। गर्मी में जैसे-जैसे पारा बढ़ेगा आपको अपने खान–पान का ध्यान भी उसी के हिसाब से रखना होगा। गर्मियों के दौरान शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए नारियल पानी अच्छा उपाय हो सकता है। नारियल पानी न सिर्फ शरीर को हाइड्रेट रखता है बल्कि इसके कई और फायदे भी हैं। यह आपको कई बीमारियों से भी आपको दूर रखता है। नारियल पानी में कई तरह के लवण पाए जाते हैं, जिसमें विटामिन, एमिनो एसिड, मैग्नीशियम, एंटी–ऑक्सीडेंट्स, आयरन, कैल्शियम, पोटैशियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

नारियल पानी पीने से पेट की समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है। खासकर जब मसालेदार खाना खाने के बाद अगर पेट गर्म हो जाता है तो ऐसे में नारियल पानी आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। यह पाचन शक्ति को ठीक करता है। साथ ही, यह बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी अहम भूमिका निभाता है। वजन कम करने में भी नारियल पानी असरदार होता है। व्यायाम या सुबह के वर्कआउट के बाद इसे पीना फायदेमंद माना जाता है। साथ ही, नारियल पानी हैं। ओवर उतारने में भी काम आता है। शराब पीने से बॉडी में पानी की कमी हो जाती है जिसके कारण सुबह पूरा शरीर सुस्त पड़ जाता है। तब नारियल पानी पीने से बॉडी फिर हाइड्रेट हो जाती है और हैंगओवर भी उतर जाता है। नारियल पानी आपकी त्वचा और बालों के लिए बेहद गुणकारी है। नारियल पानी में आयरन और विटामिन ' होता है जो आपके बालों को झड़ने और उसके ग्रोथ में अहम भूमिका निभाते हैं। वहीं नारियल पानी को बालों में लगाने से उसकी चमक भी बनी रहती है। साथ ही वह बालों को रूसी से भी बचाता है। इसी तरह यह त्वचा को भी कई फायदे पहुंचाती है। नारियल पानी एंटी एजिंग की तरह काम करता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते है जो उम्र के बढ़ने पर होने वाले प्रभाव को कम करता है। यहां तक कि नारियल पानी को चेहरे पर लगाने से दाग–धब्बे भी खत्म हो जाते हैं।

गर्भावस्था में भी नारियल पानी बेहद लाभकारी माना जाता है। प्रेगनेंसी के दौरान नारियल पानी कई तरह की कमियों को दूर करता है। साथ ही वह गर्भ में पल रहे बच्चे के विकास के लिए भी बेहद गुणकारी माना जाता है। नारियल पानी महिलाओं को प्रेगनेंसी के दौरान हो रही समस्या जैसे उल्टी, कब्ज और थकान को भी दूर करता है। यह गर्भवती महिलाओं में अमीनो एसिड की कमी को भी दूर करता है।

नारियल पानी लिवर, गुर्दे और हृदय रोग के जोखिम को भी कम करता है। एंटीऑक्सीडेंट गुण के कारण लिवर को विषाक्त होने से बचाता है और लिवर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। वहीं नारियल पानी गुर्दे के लिए भी बहुत गुणकारी है।

यह गुर्दे को इनफेक्शन से बचाता है और गुर्दे में होने वाली पथरी की संभावना को भी कम करता है।यहां तक कि नारियल पानी हृदय रोग के जोखिम को भी कम करने में मदद करता है। नारियल पानी को सुबह खाली पेट पीने लाभकारी है। यहां तक कि नरियल पानी कैंसर के मरीजों के लिए भी बहुत गुणकारी माना जाता है। डॉक्टरों के मुताबिक कैंसर के मरीजों को रोज एक नारियल पानी पीना चाहिए।

# लाइट जलाकर सोने की आदत सेहत पर पड़ सकती है भारी

**यूनिक समय, मथुरा।** नींद सेहत के लिए काफी जरूरी होती है। लेकिन अगर आप लाइट जलाकर सोते हैं तो आपको इस आदत को जल्द से जल्द छोड़ने की जरूरत है। क्योंकि इससे बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है।

हमारे आसपास कई लोगों को रात में लाइट जलाकर सोने की आदत होती है। जिसका मुख्य कारण अंधेरे से लगने वाला डर होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि लाइट ऑन करके सोना आपकी सेहत पर बेहद हानिकारक असर डालता है। आपको बता दें कि यहां पर हम बात सिर्फ रूम लाइट की नहीं बल्कि आपके टीवी या लैपटॉप की रोशनी की भी कर रहे हैं। इन सब की रोशनी आपके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। साल 2022 में हुए एक स्टडी के मुताबिक, लाइट की रोशनी में सोने वाले लोगों ने बताया कि उन लोगों ने अच्छी नींद ली। लेकिन मस्तिष्क की रिकॉर्डिंग करने से सामने आया कि उन्होंने बहुत कम गहरी नींद ली है।

बता दें कि गहरी नींद लेना संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली के लिए अधिक महत्वपूर्ण है। लाइट जलाकर सोने वाले लोगों में मेटाबॉलिज्म और हार्ट पर प्रभाव होने की अधिक संभावना



रहती है। इसके अलावा ऐसे लोगों के ब्लड सैंपल से पता चला कि कमरे की रोशनी में एक रात सोने से प्रतिभागियों के इंसुलिन प्रतिरोध में इजाफा हुआ है। आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको लाइट जलाकर सोने वाले नुकसानों के बारे में बता रहे हैं। जिससे कि आप भी आने वाले खतरे को देखकर इस आदत को जल्द छोड़ सकें।

महिलाओं पर किए गए अध्ययन से सामने आया है कि रूम लाइट या टीवी ऑन करके सोने वाले लोगों को गंभीर बीमारियां होने का खतरा रहता है। वहीं ऐसा करने वाले लोगों में मोटापे का जोखिम ज्यादा होता है। लाइट बंद कर सोने वाले लोगों को इन परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है। वहीं मोटापे के खतरे से कई गंभीर बीमारियों को भी बुलावा मिलता है। इसलिए अगर आप भी लाइट जलाकर सोते हैं तो आपको भी अपनी इस आदत को जल्द ही छोड़ना चाहिए।

## इन बीमारियों का बढ़ जाता है खतरा

इसके अलावा रात में लाइट जलाकर सोने से अवसाद यानि की डिप्रेशन का जोखिम बढ़ जाता है।

इतना ही नहीं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली तेज नीली लाइट आपके मूड और स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। बता दें कि लाइट नींद की कमी से संबंधित है। लाइट जलाकर सोने से मूड स्विंग होने और स्वभाव में चिड़चिड़ापन पैदा हो सकता है। साथ ही आपको अवसाद का भी सामना करना पड़ा सकता है। इसलिए नींद के दौरान लाइट जलाने से बचना चाहिए।

रात में सोने के दौरान लंबे समय तक लाइट को जलाकर रखने से आपका ब्लड शुगर का लेवल बढ़ जाता है। इससे आपको डायबिटीज और इंसुलिन प्रतिरोध होने का खतरा बना रहता है। इसलिए कोशिश करें कि इस आदत को जल्दी छोड़ा जा सके। क्योंकि नींद का सीधा संबंध हमारी सेहत से होता है। लाइट शरीर के सिस्टम को डिस्टर्ब करने का काम करती है। जिससे कि आपकी बॉडी में बायोमैकेनिकल बदलाव होने लगते हैं। इस दौरान आपको हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज होने का खतरा रहता है।

अगर आपको लाइट के बिना नींद नहीं आती है तो आप नॉर्मल लाइट के बजाय लाल रंग के बल्ब का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक रिसर्च में पाया गया है कि अन्य रंगीन बल्बों के समान लाल नाइट बल्ब मेलाटोनिन उत्पादन पर हानिकारक प्रभाव नहीं डालते हैं। लेकिन इसका भी लंबे समय तक इस्तेमाल किए जाने से बचना चाहिए। साथ ही अगर आप सेहत संबंधी किसी भी समस्या से परेशान है तो आप डॉक्टर की भी सलाह ले सकते हैं। डॉक्टर या एक्सपर्ट आपको इस समस्या से निकालने के लिए कुछ अन्य उपाय भी बता सकते हैं।

## सुविचार

राह संघर्ष की जो चलता है, वो ही संसार को बदलता है, जिसने रातों से है जंग जीती.. सुबह सूर्य बनकर वही चमकता है

## कल का पंचांग

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | अष्टमी 11:09-08:25 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | उत्तरा फाल्गुनी 03:27-01:34 तक | माह | फाल्गुन |
| सूर्योदय | 07:04 AM | चन्द्रोदय | 04:17 PM |
| सूर्यास्त | 06:07 PM | चंद्रास्त | 06:39 AM |
| सूर्य राशि | कर्क राशि | चंद्र | कन्या राशि |
| शुभ मुहूर्त | 12:09PM -12:51 PM | ब्रह्म मुहूर्त | 05:34-06:22 |
| त्योहार/व्रत | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | 03:21 AM-04:44 AM | वार | मंगलवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# मृतक को मुखाग्नि देने वाले को इन नियमों का पालन करना चाहिए



**यूनिक समय, मथुरा।** अंतिम संस्कार भी 16 संस्कारों में से एक है। जब किसी की मृत्यु हो जाती है तो उसके शरीर को अग्नि में जला दिया जाता है, इसे दाह संस्कार कहते हैं।

ये कार्य वैसे तो मृतक का पुत्र करता है, लेकिन पुत्र न हो तो परिवार का अन्य कोई सदस्य भी मृतक को मुखाग्नि दे सकता है। जो व्यक्ति मुखाग्नि देता है, उसके लिए धर्म ग्रंथों में कई नियम बताए गए हैं। हालांकि बदलते समय के साथ इन नियमों में शिथिलता आ गई है, लेकिन फिर भी इन नियमों का पालन जहां तक हो सके 13 दिन तक अवश्य करना चाहिए।

**किसी दूसरे के घर में प्रवेश न करें**

जो व्यक्ति मृतक को मुखाग्नि देता है, उसे 13 दिन किसी दूसरे के घर में प्रवेश नहीं करना चाहिए। गरुण पुराण के अनुसार, 13 दिन इसलिए क्योंकि 13वें दिन मृतक से संबंधित सभी उत्तर कार्य पूर्ण कर लिए जाते हैं और उसकी आत्मा पृथ्वी से यमलोक की यात्रा पर निकल जाती है। इसलिए 13 दिन तक इन नियमों का पालन जरूर करना चाहिए।

**नए वस्त्र न पहनें**

मृतक को मुखाग्नि देने वाले व्यक्ति को 13 दिन तक नए वस्त्र नहीं पहनने चाहिए। ऐसी मान्यता है कि नए वस्त्र खुशी के मौके पर पहने जाते हैं न कि मृत्यु जैसे दुखद अवसर पर। 13 दिन बाद जब मृतक से संबंधित सभी उत्तर कार्य संपूर्ण हो जाएं तो नए वस्त्र पहने जा सकते हैं।

**सवा महीने तक किसी शुभ कार्य में शामिल न हों**

वैसे तो मुखाग्नि देने वाले को 13 दिन तक कुछ नियमों का पालन करना होता है, लेकिन उसे सवा महीने तक यानी लगभग 45 दिन तक किसी भी मांगलिक कार्य जैसे विवाह, सगाई आदि में शामिल नहीं होना चाहिए। हालांकि ये नियम सिर्फ मुखाग्नि देने वाले पर ही नहीं बल्कि परिवार के हर सदस्य पर लागू होता है।

**चप्पल-जूते न पहनें**

वैसे तो एक नियम ये भी है कि मुखाग्नि देने वाले व्यक्ति को 13 दिन तक जूते-चप्पल नहीं पहनने चाहिए, लेकिन समय के साथ इस नियम में शिथिलता आ गई है क्योंकि ऐसा करना आज के समय में संभव नहीं है। बिना जूते-चप्पल पहनकर घर से बाहर निकलने से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**घर से अधिक समय के लिए बाहर न निकलें**

मुखाग्नि देने वाले व्यक्ति को अधिक समय तक घर से बाहर नहीं रहना चाहिए क्योंकि 13 दिनों तक रोज मृतक को निमित्त भोजन और चाय आदि रखा जाता है। ये सभी कार्य मुखाग्नि देने वाले व्यक्ति के हाथों से करवाया जाता है। इसके अलावा शोक व्यक्त करने वाले लोगों के साथ भी उसे बैठना होता है।

### मां पर क्या होता है असर, इन बातों का रखें ध्यान

# गर्भावस्था के नौ महीने में कैसा होता है नौ ग्रहों का प्रभाव?



**गर्भावस्था में गर्भवती महिला को किसी भी प्रकार का दान देने से बचना चाहिए**

**यूनिक समय, मथुरा।** हर मनुष्य के लिए मां-बाप बनना एक सुखद एहसास होता है। पृथ्वी पर मौजूद हर जीव अपनी प्रजाति को आगे बढ़ाने के लिए नई पीढ़ी को जन्म देता है। मनुष्य भी इन्हीं जीवों में से एक है। हम सभी जानते है कि गर्भावस्था के दौरान महिला का गर्भ 9 महीने 9 दिन का होता है। इन 9 महीनों में बच्चा मां के गर्भ में पलता है। ऐसे में गर्भावस्था के दौरान नौ ग्रहों का प्रभाव भी माता की कोख पर पड़ता है। जिसका असर बच्चे में भी देखने को मिलता है। भोपाल निवासी ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा बता रहे हैं नौ महीने बच्चे पर नौ ग्रहों का कैसा प्रभाव पड़ता है।

हिंदू धर्म शास्त्रों के जानकार मानते हैं कि गर्भावस्था के दौरान गर्भवती माता को किसी भी तरह का दान नहीं करना चाहिए। खाने में खट्टी चीजों को शामिल करना चाहिए। गर्भावस्था के दौरान गर्भवती पर दूसरे महीने में गर्भ पर मंगल ग्रह का प्रभाव हावी होता है। इस वक्त माताओं को मीठा खाना चाहिए।

माना जाता है ऐसा करने से बच्चे का मंगल मजबूत होता है। तीसरे महीने में गर्भ पर बृहस्पति ग्रह का असर होता है इस दौरान माताओं को दूध से बनी मीठी चीजों का सेवन करना अच्छा माना गया है।

चौथे महीने में गर्भवती माता और बच्चे पर सूर्य का प्रभाव पड़ता है। सूरज को मजबूत करने के लिए फलों के रस का सेवन करना लाभप्रद होता है। गर्भ के पांचवे महीने में चंद्रमा का प्रभाव गर्भ पर पड़ता है, ऐसे में दूध, दही और चावल जैसी सफेद चीजों का सेवन करने से बच्चे का चंद्र मजबूत होता है।

छठे महीने में गर्भ पर शनि का प्रभाव पड़ता है, छठे महीने में माताओं को कैल्शियम से भरपूर चीजें खानी चाहिए।

सातवें महीने में गर्भ पर बुध का प्रभाव हावी होता है और आठवें महीने में चंद्र और सूर्य का प्रभाव देखने को मिलता है। सातवें महीने से माताओं को फलों के रस का सेवन भरपूर मात्रा में करना फलदाई होता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, गर्भावस्था में गर्भवती महिला को किसी भी प्रकार के दान देने से बचना चाहिए।

यदि इस दौरान सूर्य या चंद्र ग्रहण पड़ता है तो ग्रहण काल में बाहर नहीं निकलना चाहिए। इस दौरान धारदार हथियार का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ग्रहण काल में भूखे-प्यासे नहीं रहने की सलाह दी जाती है।

## नए साल का व्रत-त्योहार कैलेंडर

- 13 फरवरी, दिन शुक्रवार : विजया एकादशी
- 14 फरवरी, दिन शनिवार : शनि प्रदोष व्रत
- 15 फरवरी, दिन रविवार : महाशिवरात्रि या फाल्गुन मासिक शिवरात्रि
- 17 फरवरी, दिन मंगलवार : दर्श अमावस्या, फाल्गुन अमावस्या, पहली भौमवती अमावस्या

## कल का राशिफल

**मेष राशि:** ऑफिस के काम पर ध्यान केंद्रित करें। अनुशासन और रोमांस के जरिए प्रेम जीवन को रोमांचक बनाए रखें। पेशेवर जीवन को उत्पादक बनाए रखें। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**वृषभ राशि:** ऑफिस के काम पर ध्यान केंद्रित करें। अनुशासन और रोमांस के जरिए प्रेम जीवन को रोमांचक बनाए रखें। पेशेवर जीवन को उत्पादक बनाए रखें। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मिथुन राशि:** अपनी क्षमता साबित करने के लिए ऑफिस में नए काम हाथ में लें। पैसों से जुड़ी कोई समस्या नहीं आएगी। आपको अच्छी न्यूज मिल सकती है। आप स्वस्थ भी हैं। कुछ महिलाओं को संपत्ति भी विरासत में मिलेगी।

**कर्क राशि:** प्यार से साथ रहें। लव के मामले में अहंकार को दूर रखें। भविष्य के लिए प्लान करें। पेशेवर जोखिम उठाने की इच्छा भी दिखाएं। धन और स्वास्थ्य दोनों अच्छी स्थिति में रहेंगे।

**सिंह राशि:** करियर में छोटी-मोटी दिक्कतें आ सकती हैं। सुबह के समय किसी स्पेशल व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। ऑफिस और पर्सनल जीवन में संतुलन बनाए रखें। आप दान भी कर सकते हैं।

**कन्या राशि:** समृद्धि बनी रहेगी। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। रोमांटिक मामलों को लगन से निपटाएं। आधिकारिक समस्याओं को मजबूती से सुलझाएं। आपको आर्थिक खर्चों में कटौती करनी चाहिए।

**तुला राशि:** रिश्ते में सुखद पलों की तलाश करें। लव लाइफ को अगले लेवल पर ले जाने पर विचार करें। अहंकार को दफ्तर की जिंदगी से दूर रखें। आप हेल्दी महसूस करेंगे।


**वृश्चिक राशि:** बिना देर किए रोमांस से जुड़े मुद्दों का सोल्यूशन निकालें। प्रोफेशनल चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन आप उनका सोल्यूशन निकाल लेंगे। जब तक आपका स्वास्थ्य अच्छा है, धन का प्रबंधन समझदारी से करें।

**मकर राशि:** स्टूडेंट्स को भी परीक्षाओं में सफलता पाने के लिए कोशिश करनी चाहिए। लव लाइफ में बेहतरीन पल देखने को मिलेंगे। प्रोफेशनल मुद्दों को सुलझाएं। आर्थिक निवेश पर विचार करें, जो सुरक्षित हों।

**धनु राशि:** सुरक्षित वित्तीय निवेश को प्राथमिकता दें। टीम मीटिंग में समझदारी से काम लें। कॉन्फिडेंस से नए विचारों को आगे बढ़ा सकते हैं। आज कई स्रोतों से धन प्राप्ति होगी।

**कुंभ राशि:** पक्की हेल्थ अच्छी रहेगी। कुछ रिलेशनशिप में खटास भरे पल भी आ सकते हैं। रिश्तों की समस्याओं के समाधान के लिए दिन चुनें। बेहतर विकास के लिए पेशेवर अवसरों का लाभ उठाएं।

**मीन राशि:** धन मिलने पर सुरक्षित वित्तीय फैसले लें। निजी और पेशेवर जीवन, दोनों में समझदार और संवेदनशील रहें। कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं होगी और आर्थिक समृद्धि भी आपके पक्ष में रहेगी।



## सम्पादकीय

# खाद्य पदार्थों का आयात और बढ़ती बेरोजगारी का खतरा

ऐसे समय में जब भारत की घरेलू खेती गहरे संकट से गुजर रही है और किसानों को मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से 30 से 40 प्रतिशत कम दाम मिल रहे हैं, कृषि और खाद्य पदार्थों के आयात को और खोलने की नीति गंभीर सवाल खड़े करती है। भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को सरकारें 'ऐतिहासिक' और 'परस्पर लाभकारी' बता रही हैं, लेकिन इसके संभावित दुष्परिणामों को लेकर किसान समुदाय में गहरी चिंता है। एक ओर अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंस ने इस समझौते को अमेरिकी किसानों के लिए फायदेमंद बताया है, तो दूसरी ओर भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान



पवन गौतम

यह भरोसा दिला रहे हैं कि भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्र को सुरक्षित रखा गया है। लेकिन समझौते के विस्तृत प्रावधान सार्वजनिक न होने के कारण संदेह बना हुआ है। किसान संगठनों को डर है कि सस्ते और भारी सब्सिडी वाले अमेरिकी कृषि उत्पाद भारतीय बाजार में बाढ़ की तरह आ सकते हैं।

अमेरिकी किसानों को हर साल औसतन 66 हजार डॉलर से अधिक की सब्सिडी मिलती है, जो उन्हें बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाती है। इसके अलावा, वर्ष 2026 में अमेरिका 'फार्मर्स ब्रिज असिस्टेंस प्रोग्राम' के तहत अरबों डॉलर की अतिरिक्त सहायता देने की योजना बना रहा है। इसके मुकाबले भारतीय किसान पहले से ही लागत और कम कीमतों के दबाव में हैं। ऐसे में शून्य या कम आयात शुल्क पर अमेरिकी कृषि उत्पादों का आना घरेलू खेती के लिए घातक साबित हो सकता है। भारत–अमेरिका व्यापार समझौते की खबर के बाद किसान संगठनों में बेचैनी बढ़ गई है। संयुक्त किसान मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि आयात शुल्क घटाए गए तो सस्ते खाद्य पदार्थों की आमद बढ़ेगी और किसानों की आय और गिर जाएगी। इसी आशंका के चलते फरवरी के मध्य से नए आंदोलन की बात कही जा रही है। किसान यह भी सवाल उठा रहे हैं कि बजट 2026 में कृषि क्षेत्र की सुरक्षा और आय बढ़ाने के लिए ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए। कपास, दालें, प्याज, सोयाबीन और सेब जैसी फसलों पर आयात का असर पहले भी देखा जा चुका है। हाल के वर्षों में कपास आयात शुल्क घटने से घरेलू कीमतों में भारी गिरावट आई और किसानों को नुकसान झेलना पड़ा। सेब उत्पादक राज्यों को डर है कि अमेरिकी और यूरोपीय सेब के सस्ते आयात से उनकी पूरी अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है। ऐसी स्थिति में किसान खेती छोड़ने को मजबूर हो सकते हैं, जिससे बेरोजगारी और बढ़ेगी। खाद्य पदार्थों का आयात केवल व्यापार का सवाल नहीं है, बल्कि यह किसानों की आजीविका और ग्रामीण रोजगार से सीधे जुड़ा मुद्दा है। यदि आयात नीति में संतुलन नहीं रखा गया और घरेलू किसानों को पर्याप्त संरक्षण नहीं मिला, तो इसका परिणाम बढ़ती बेरोजगारी और कृषि संकट के रूप में सामने आ सकता है। इसलिए किसी भी व्यापार समझौते से पहले किसानों के हितों को केंद्र में रखना और पारदर्शिता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है।

## नजरिया

# अमेरिका–ईरान तनाव : बातचीत, दबाव और वैश्विक असर

– नीरज कुमार दुबे

पश्चिम एशिया एक बार फिर गंभीर भू-राजनीतिक तनाव के दौर से गुजर रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ती तनातनी ने न केवल क्षेत्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर भी गहरा असर डाला है। ओमान में दोनों देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के बीच हालिया बातचीत को तनाव कम करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन जमीन पर हालात अब भी बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। बयानबाजी, प्रतिबंध, सैन्य चेतावनियां और आर्थिक दबाव-ये सभी तत्व मिलकर हालात को और जटिल बना रहे हैं।

कई सप्ताह की तीखी बयानबाजी और धमकियों के बाद ओमान में शुरू हुई बातचीत को दोनों पक्षों ने सार्वजनिक रूप से सकारात्मक बताया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इसे "अच्छी शुरुआत" करार दिया, हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अविश्वास का माहौल अभी गहरा है। इसकी एक बड़ी वजह हालिया घटनाएं हैं, जिनमें अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के कथित परमाणु ठिकानों पर हमले का दावा शामिल है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी बातचीत को "बहुत अच्छी" बताया, लेकिन साथ ही यह चेतावनी जोड़ दी कि यदि कोई ठोस समझौता नहीं हुआ तो परिणाम "बेहद सख्त" होंगे। यह दोहरा संदेश-एक ओर संवाद, दूसरी ओर धमकी-पूरी प्रक्रिया को संदिग्ध बनाता है। सवाल उठता है कि क्या यह वार्ता वास्तव में समाधान की दिशा में है या केवल दबाव की रणनीति का हिस्सा है।

तनाव के इसी माहौल में राष्ट्रपति ट्रंप ने एक नया कार्यकारी आदेश जारी कर दुनिया भर के देशों को कड़ा संदेश दिया है। इस आदेश के तहत उन सभी देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की चेतावनी दी गई है जो ईरान के साथ किसी भी प्रकार का व्यापार जारी रखेंगे। आदेश में शुल्क की सटीक दर तय नहीं की गई है, लेकिन उदाहरण के तौर पर 25 प्रतिशत शुल्क का उल्लेख किया गया है। आदेश में साफ तौर पर कहा गया है कि जो भी देश सीधे या परोक्ष रूप से ईरान से कोई वस्तु या सेवा खरीदेगा, उस पर यह शुल्क लगाया जा सकता है। यह कदम ईरान को अलग–थलग करने की अमेरिकी नीति का विस्तार माना जा रहा है। ट्रंप ने अपने बयान में दोहराया कि ईरान को किसी भी सूरत में परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिए जाएंगे।

अमेरिका का रुख है कि बातचीत केवल ईरान के परमाणु कार्यक्रम तक सीमित नहीं होनी



चाहिए। वॉशिंगटन चाहता है कि ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय सशस्त्र समूहों को दिए जा रहे समर्थन और ईरानी नागरिकों के मानवाधिकार जैसे मुद्दों को भी वार्ता में शामिल किया जाए।

दूसरी ओर तेहरान की स्थिति बिल्कुल साफ है। ईरान का कहना है कि बातचीत केवल उसके परमाणु कार्यक्रम पर होगी और उसे यूरेनियम संवर्धन का वैध अधिकार मिलना चाहिए। ईरान लगातार यह दावा करता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वह परमाणु हथियार बनाने की कोशिश नहीं कर रहा। इस मौजूदा संकट की जड़ें पिछले एक दशक में लिए गए फैसलों में छिपी हैं। वर्ष 2015 में ईरान और विश्व शक्तियों के बीच हुए परमाणु समझौते के तहत ईरान को सीमित स्तर तक यूरेनियम संवर्धन की अनुमति दी गई थी। इसके बदले उस पर सख्त अंतरराष्ट्रीय निगरानी रखी जानी थी और उस पर लगे कई आर्थिक प्रतिबंध हटाए गए थे। हालांकि, वर्ष 2018 में राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान इस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया। इसके बाद ईरान पर फिर से कठोर प्रतिबंध लगाए गए। तेल निर्यात, जहाजरानी और बैंकिंग प्रणाली पर पाबंदियों ने ईरानी अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंचाई। जवाब में ईरान ने भी समझौते की कई शर्तों से आगे बढ़कर यूरेनियम संवर्धन शुरू कर दिया। बीते वर्षों में अमेरिका और ईरान के बीच टकराव लगातार बढ़ता गया। वर्ष 2020 में ईरान के शीर्ष सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी की अमेरिकी हमले में मौत ने हालात को बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंचा दिया। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र में ईरान पर प्रतिबंध फिर से लागू करने की कोशिशें तेज हुईं। वर्ष 2025 में अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया, जिसके जवाब में ईरान ने कतर में स्थित एक अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर मिसाइल दागी। हालांकि इस हमले में कोई जान–माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन इससे स्पष्ट हो गया कि दोनों देश सीधे टकराव से बस एक कदम दूर हैं। पिछले वर्ष पश्चिमी देशों के प्रयास से संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सैन्य प्रतिबंध फिर लागू कर दिए गए। ताजा घटनाक्रम में अमेरिका ने ईरानी तेल और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र से जुड़े पंद्रह संस्थानों और कई जहाजों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। इसका सीधा असर ईरान की आय और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ सकता है। उधर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सुरक्षा मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उनका कहना है कि किसी भी हमले का जोरदार जवाब दिया जाएगा। नेतन्याहू ने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका और इजराइल के बीच तालमेल बहुत गहरा है और अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रंप के हाथ में होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप द्वारा घोषित आयात शुल्क दरअसल ईरान के खिलाफ आर्थिक घेराबंदी का नया हथियार है। इसका संदेश साफ है-जो देश ईरान से व्यापार करेगा, वह अमेरिकी बाजार तक पहुंच खो सकता है। यह नीति कई देशों के लिए गंभीर दुविधा पैदा करेगी, खासकर उन देशों के लिए जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए ईरानी तेल पर निर्भर हैं। इसका असर केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं रहेगा। वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है, तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव आ सकता है और समुद्री रास्तों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा सकता है। सामरिक दृष्टि से यह रस्साकशी बेहद खतरनाक है। एक ओर बातचीत चल रही है, वहीं दूसरी ओर सैन्य तैयारी के संकेत दिए जा रहे हैं। अमेरिकी नौसैनिक बेड़े की तैनाती, मिसाइल हमलों की चेतावनी और लगातार बढ़ते प्रतिबंध–ये सभी मिलकर ऐसा माहौल बना रहे हैं जिसमें एक छोटी सी चूक भी बड़े संघर्ष में बदल सकती है। ईरान भी झुकने के मूड में नहीं दिखता। वह बार–बार अपने अधिकारों की बात दोहराता रहा है और स्पष्ट करता है कि वह दबाव में आकर कोई समझौता नहीं करेगा।

बहरहाल, यह साफ है कि केवल दबाव की राजनीति से इस संकट का समाधान संभव नहीं है। न ही सिर्फ बयानबाजी से हालात सुधरेंगे। यदि अमेरिका और ईरान सच में टकराव से बचना चाहते हैं, तो उन्हें भरोसे की बहाली, चरणबद्ध रियायतों और स्पष्ट लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ना होगा। संवाद को वास्तविक अर्थों में सार्थक बनाने के लिए दोनों पक्षों को एक-दूसरे की चिंताओं को समझना होगा। अन्यथा शुल्क, प्रतिबंध और सैन्य कार्रवाई का यह अंतहीन चक्र पूरे पश्चिम एशिया को अस्थिर कर देगा। इसका असर केवल क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दुनिया की अर्थव्यवस्था और वैश्विक सुरक्षा पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा।

## विचार विण्डो

# सत्ता की निष्कंटक राह : सुनेत्रा पवार की ताजपोशी

– उमेश चतुर्वेदी

महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। हालिया घटनाक्रम में सुनेत्रा पवार का महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेना केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि गहरे राजनीतिक संदेशों से भरा फैसला है। यह फैसला ऐसे समय में आया जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के भीतर चल रही सुलह और विलय की संभावनाएं, अजित पवार के निधन के बाद अचानक नई दिशा में मुड़ गईं। इस ताजपोशी ने न सिर्फ महाराष्ट्र की सत्ता–संतुलन को प्रभावित किया है, बल्कि आने वाले चुनावी और रणनीतिक समीकरणों को भी नया आकार दिया है। सुनेत्रा पवार के सामने हालात बेहद कठिन थे। पति अजित पवार के निधन का शोक अभी ताजा ही था, लेकिन राजनीति भावनाओं से नहीं, परिस्थितियों से चलती है। व्यक्तिगत दुख के बावजूद सुनेत्रा ने राजनीतिक जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी और शपथ लेकर इतिहास रच दिया। यही वजह है कि उनकी आलोचना भी हुई। समाज और राजनीति, दोनों ही स्तरों पर उनसे पारंपरिक शोक अवधि का पालन करने की अपेक्षा थी। बावजूद इसके, सुनेत्रा सामाजिक सवालों से बचते हुए सत्ता की जिम्मेदारी संभालने आगे बढ़ीं। पिछले विधानसभा चुनाव में भले ही शरद पवार की एनसीपी को बड़ी सफलता न मिली हो, लेकिन महाराष्ट्र की राजनीति में उनकी पकड़ आज भी मजबूत मानी जाती है। यह किसी से छिपा नहीं था कि एनसीपी के दोनों धड़ों के बीच सुलह और विलय की बातचीत चल रही थी। स्वयं शरद पवार ने स्वीकार किया था कि जयंत पाटिल, अजित पवार से इस मुद्दे पर संवाद कर रहे थे। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा थी कि 12 फरवरी को दोनों धड़ों के विलय पर सहमति बन सकती थी।

लेकिन अजित पवार के निधन ने पूरी तस्वीर बदल दी। उनके साथ गए प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और अन्य नेताओं की आशंकाएं बढ़ गईं। उन्हें डर था कि विलय की स्थिति में



पार्टी पर शरद पवार और सुप्रिया सुले का नियंत्रण मजबूत हो जाएगा, जिससे उनकी राजनीतिक स्वतंत्रता सीमित हो सकती है। ऐसे में पार्टी को अलग रखना और सुनेत्रा पवार को नेतृत्व में आगे करना उनके लिए ज्यादा सुरक्षित विकल्प बन गया। आधिकारिक शोक अवधि खत्म होते ही एनसीपी के इस गुट में तेजी से हलचल शुरू हो गई। विधायक दल की बैठक बुलाई गई और सुनेत्रा पवार को नेता चुनकर उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाने की तैयारी कर ली गई। शरद पवार भले ही इस राजनीतिक पटकथा का श्रेय प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे को देते हों, लेकिन महाराष्ट्र के राजनीतिक हलकों में यह आम धारणा है कि इस पूरी रणनीति के पीछे भारतीय जनता पार्टी की अहम भूमिका रही है। बीजेपी के लिए यह सिर्फ एक पद भरने का सवाल नहीं था, बल्कि एक बड़े राजनीतिक खतरे को टालने की कवायद थी। यदि एनसीपी का विलय हो जाता, तो शरद पवार एक बार फिर मजबूत होकर उभर सकते थे और बीजेपी के लिए नई चुनौती खड़ी हो जाती। संख्याबल के लिहाज से देखें तो महाराष्ट्र में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार को तत्काल कोई खतरा नहीं था। बीजेपी के पास 132 और एकनाथ शिंदे की शिवसेना के पास 57 विधायक हैं, जबकि बहुमत के लिए 145 सीटें ही काफी हैं। अजित पवार के साथ एनसीपी के 41 विधायक थे, जो उनके निधन के बाद 40 रह गए। फिर भी बीजेपी की चिंता संख्याओं से ज्यादा भविष्य की राजनीति को लेकर थी। शरद पवार की रणनीतिक क्षमता और उनके राजनीतिक अनुभव को बीजेपी हल्के में नहीं लेना चाहती थी। यदि वे फिर से सक्रिय होकर विपक्ष को एकजुट करने में सफल होते, तो राज्य की राजनीति में समीकरण बदल सकते थे। इस पूरे घटनाक्रम में कांग्रेस की भूमिका भी सवालों के घेरे में रही। जिला परिषद चुनावों के दौर में कांग्रेस के पास मौका था कि वह एनसीपी में पैदा हुई असमंजस की स्थिति का फायदा उठाती। अजित पवार के न रहने से एनसीपी के कई उम्मीदवार असुरक्षित महसूस कर रहे थे। कांग्रेस उन्हें अपने पक्ष में ला सकती थी और स्थानीय स्तर पर नेतृत्व को मजबूत कर सकती थी। लेकिन कांग्रेस ऐसा करती नहीं दिखी। 2014 के बाद से पार्टी जिस राष्ट्रीय नैरेटिव पर अटकी हुई है, वही शैली वह महाराष्ट्र में भी अपनाए हुए है। स्थानीय जरूरतों और क्षेत्रीय नेतृत्व को आगे बढ़ाने में उसकी रुचि कम नजर आई। इसका फायदा अंततः बीजेपी को मिला। रणनीतिक दृष्टि से बीजेपी ने सुनेत्रा पवार को अपने खेमे में लाकर एक तीर से दो निशाने साधे हैं। एक ओर उसने एनसीपी के एक गुट को अपने साथ सुरक्षित कर लिया, वहीं दूसरी ओर शरद पवार की संभावित वापसी की राह भी मुश्किल कर दी। इसके साथ ही एकनाथ शिंदे के लिए भी महायुति से बाहर निकलने या दबाव बनाने की संभावनाएं सीमित हो गईं। बीजेपी की योजना साफ है–सुनेत्रा के जरिए शिंदे को संतुलित करना और शिंदे के जरिए सुनेत्रा को नियंत्रित रखना।

इस संतुलन में सत्ता की चाबी बीजेपी के हाथ में बनी रहती है। महाराष्ट्र केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी देश का सबसे अहम राज्य है। मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है और राज्य की सत्ता पर पकड़ का मतलब कॉरपोरेट और औद्योगिक जगत पर प्रभाव। मौजूदा दौर में राजनीति और अर्थव्यवस्था गहराई से जुड़ी हुई हैं। बीजेपी इस प्रभाव को कमजोर नहीं होने देना चाहती और इसी वजह से महाराष्ट्र में अपनी पकड़ को हर हाल में मजबूत बनाए रखना चाहती है।

# टी 20 वर्ल्ड कप 2026 : डेब्यू मैच में इटली को बड़ा झटका, कप्तान वेन मैडसेन चोटिल होकर बाहर




### इटली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईसीसी टी 20 वर्ल्ड कप 2026 में पहली बार हिस्सा ले रही इटली की टीम का सफर मुश्किलों के साथ शुरू हुआ है। अपने पहले ही मुकाबले में टीम को बड़ा झटका लगा है, जब कप्तान वेन मैडसेन गंभीर चोट के कारण मैच से बाहर हो गए। कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में स्कॉटलैंड के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले के दौरान यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी।

इटली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। मैच के दौरान फील्डिंग करते समय चौथे ओवर की दूसरी गेंद पर कप्तान वेन मैडसेन चोटिल हो गए। स्कॉटलैंड के बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से के शॉट को रोकने के प्रयास में मैडसेन ने बाईं ओर शानदार डाइव लगाई, लेकिन गेंद रोकने में नाकाम रहे और प्रैक्टिस पिच पर कंधे के बल गिर पड़े। गिरते ही वह दर्द से कराहते नजर आए, जिसके बाद तुरंत फिजियो को मैदान पर बुलाया गया। शुरुआत में उम्मीद थी कि चोट ज्यादा गंभीर नहीं होगी, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि 42 वर्षीय मैडसेन का बायां कंधा डिस्लोकेट हो गया है। कमेंटेटर इयान बिशप ने भी जानकारी दी कि मैडसेन इस मुकाबले में आगे हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इसके बाद वह मैदान छोड़कर बाहर चले गए। इटली जैसी डेब्यू कर रही टीम के लिए कप्तान का पहले ही मैच में बाहर हो जाना बड़ा झटका माना जा रहा है। इससे न केवल टीम की कप्तानी प्रभावित होगी, बल्कि टीम कॉम्बिनेशन और रणनीति पर भी असर पड़ेगा। फिलहाल यह साफ नहीं है कि वेन मैडसेन कितने समय तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। उनकी चोट की गंभीरता को देखते हुए टीम मैनेजमेंट अगले मैचों को लेकर फैसला करेगा। इस चोट के बाद इटली के लिए आगे का सफर चुनौतीपूर्ण नजर आ रहा है, जहां टीम को नए नेतृत्व और रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा।




# रामायण के सुषेण वैद्य: पान की दुकान से अमर किरदार तक



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रामानंद सागर की 'रामायण' भारतीय टेलीविजन इतिहास की ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसकी लोकप्रियता दशकों बाद भी कम नहीं हुई। इस धारावाहिक के हर किरदार ने दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी, फिर चाहे वह मुख्य पात्र हों या छोटे लेकिन अहम रोल। ऐसा ही एक यादगार किरदार था सुषेण वैद्य का, जिसने संजीवनी बूटी से लक्ष्मण के प्राण बचाए थे। इस किरदार को निभाने वाले अभिनेता रमेश चौरसिया कोई पेशेवर कलाकार नहीं थे। वे मध्य प्रदेश के उज्जैन में रहने वाले एक साधारण व्यक्ति थे और पान बेचकर अपना जीवन यापन करते थे। अभिनय की दुनिया से उनका कोई सीधा संबंध नहीं था, लेकिन उनकी सादगी और चेहरे की शांति ने रामानंद सागर को प्रभावित किया। यह मौका उन्हें अरविंद त्रिवेदी के जरिए मिला, जिन्होंने 'रामायण' में रावण का किरदार निभाया था और वे रमेश चौरसिया के अच्छे मित्र भी थे। 'रामायण' में सुषेण वैद्य का किरदार निभाने के बाद रमेश चौरसिया की जिंदगी पूरी तरह बदल गई। उनकी पान की दुकान मशहूर हो गई और लोग दूर–दूर से उन्हें देखने और उनके पान खाने आने लगे। कई लोग तो उन्हें असल जिंदगी में भी वैद्य मानने लगे और उनके पान को औषधीय गुणों से भरपूर समझने लगे। रमेश चौरसिया इस भूमिका को अपने जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते थे। भले ही आज वे इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उज्जैन के देवास गेट बस स्टैंड पर उनकी यादें आज भी जिंदा हैं। वहां उनकी 'संजीवनी' नाम की दुकान और सुषेण वैद्य की तस्वीरें आज भी लोगों को उस अमर किरदार की याद दिलाती हैं।

# रूबी–डायमंड से सजा सैफ अली खान का बर्ड ब्रोच, कीमत में आ जाए एक लग्जरी कार



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सैफ अली खान जब भी नजर आते हैं, उनका अंदाज़ शाही ठहराव और मॉडर्न एलिगेंस का शानदार मेल दिखाता है। हाल ही में सैफ मुंबई में करीना कपूर खान के साथ एक अलग ही अवतार में स्पॉट हुए। ऑल–ब्लैक आउटफिट में ट्विनिंग करता यह कपल हर किसी का ध्यान खींच रहा था, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा सैफ की जैकेट पर सजे एक खास ब्रोच की हुई।

वैलेंटाइन डे से पहले सैफ और करीना मुंबई के टिफनी एंड कंपनी बुटीक पहुंचे थे। जैसे ही दोनों स्टोर से बाहर आए, कैमरों की नजर सैफ के शानदार ब्रोच पर टिक गई। यह कोई आम एक्सेसरी नहीं, बल्कि टिफनी एंड कंपनी के मशहूर जीन श्लमबर्गर कलेक्शन का हिस्सा है, जो लग्ज़री और आर्ट का बेहतरीन उदाहरण माना जाता है। इस ब्रोच की कीमत भी उतनी ही चौंकाने वाली है। सोथबी की वेबसाइट के अनुसार, इसकी कीमत करीब 47,000 अमेरिकी डॉलर यानी लगभग 42.4 लाख रुपये है। इतनी रकम में एक लग्ज़री कार खरीदी जा सकती है। चिड़िया के आकार में बना यह ब्रोच 18 कैरेट गोल्ड से तैयार किया गया है, जिसमें पीला सोना और प्लैटिनम इस्तेमाल हुआ है। इसमें रूबी, हीरे और सिट्रीन जैसे कीमती रत्न जड़े हैं। ब्रोच में 71 गोल हीरे, आंख के रूप में एक रूबी और बीच में 55 कैरेट का कुशन शेप सिट्रीन लगाया गया है।

कुल 40.3 ग्राम वजन वाला यह ब्रोच बेहद बारीक कारीगरी का नमूना है। सैफ ने इसे ब्लैक पैंट, टी–शर्ट और टेलर्ड ब्लेजर के साथ कैरी किया, जिससे उनका लुक और भी रॉयल लगने लगा। वहीं करीना कपूर खान भी ब्लैक ड्रेस में अपनी एलिगेंस से सबका दिल जीतती नजर आईं।

# क्यों ट्रोल हो रहीं आकांक्षा चमोला? प्रमोशनल डांस वीडियो पर मचा बवाल

### आकांक्षा के हर प्रोफेशनल कदम को जरूरत से ज्यादा जज किया जा रहा है

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना की पत्नी और एक्ट्रेस आकांक्षा चमोला इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई हैं। अपने अपकमिंग शो 'दिल धोखा और इच्छा' के प्रमोशनल इवेंट के दौरान दिया गया उनका एक डांस वीडियो वायरल होते ही वह ट्रोल्स के निशाने पर आ गईं। वीडियो में आकांक्षा अपने को-स्टार्स के साथ कोजी डांस करती नजर आईं, जिसे लेकर सोशल मीडिया यूजर्स ने जमकर आलोचना की।

यह डांस परफॉर्मेंस शो के लॉन्च इवेंट का हिस्सा था, जिसमें आकांक्षा ने अपने किरदार के अनुसार स्टेज पर परफॉर्म किया। हालांकि, वीडियो वायरल होते ही कुछ यूजर्स ने इसकी तुलना हाल ही में एपी ढिल्लो और तारा सुतारिया के स्टेज परफॉर्मेंस से कर दी, जिस पर पहले ही विवाद हो चुका था। इसके बाद आकांक्षा को लेकर निगेटिव कमेंट्स की बाढ़ आ गई। आकांक्षा चमोला जल्द ही शेमारूमी पर आने वाले शो 'दिल धोखा और इच्छा' में नजर आएंगी, जिसका प्रीमियर 12 फरवरी 2026 को होने वाला है। शो को लेकर वह पहले से ही सुर्खियों में थीं, लेकिन ट्रोलिंग ने चर्चा का रुख बदल दिया। ट्रोलिंग पर चुप रहने के बजाय आकांक्षा ने इन्फ्लुएंसर जयति अनस्क्रिप्टेड का एक वीडियो अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया। इस वीडियो में दोहरे मापदंड पर सवाल उठाए गए और कहा गया कि आकांक्षा के हर प्रोफेशनल कदम को जरूरत से ज्यादा जज किया जा रहा है। साथ ही यह भी पूछा गया कि जब उनके पति गौरव खन्ना ने शो प्रमोशन के दौरान रोमांटिक सीन किए, तब किसी ने सवाल क्यों नहीं उठाए? यह पहली बार नहीं है जब आकांक्षा ट्रोलिंग का शिकार हुई हों। इससे पहले भी उनके डांस वीडियो को लेकर उनकी निजी जिंदगी तक पर सवाल उठाए गए थे। बावजूद इसके, आकांक्षा ने साफ कर दिया है कि वह अपने काम को लेकर किसी की अनावश्यक आलोचना से डरने वाली नहीं हैं।'वांगा से हुई तीखी बहस?

# फिर उलझेंगे अनुपमा और वसुंधरा के रिश्ते



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का हर एपिसोड नए ट्विस्ट और टर्न्स से भरा होता है। अब शो के नए एपिसोड में फिर एक बड़ा ट्विस्ट आने वाला है। शो के अपकमिंग एपिसोड में अनुपमा और वसुंधरा के रिश्ते में फिर दरार आने वाली है। अनुपमा, अब कोठारी हाउस की मेहमान बन चुकी है। जिस घर में हमेशा से अनुपमा की बेइज्जती होती रही है, अब उसी घर में अनुपमा को रहना पड़ रहा है। इस बीच शो में एक नया ट्विस्ट आने वाला है। इस बार कृति के चलते अनुपमा और वसुंधरा के बीच रिश्ते बिगड़ने वाले हैं। अब तक शो में देखने को मिला का वसुंधरा का जन्मदिन मनाया जा रहा और इसी दौरान राही गिर जाती है, जिससे उसे चोट लग जाती है। प्रेम को एक बिजनेस मीटिंग के चलते दिल्ली जाना पड़ता है और प्रेरणा भी उसके साथ चली जाती है। दूसरी तरफ, राही, अनुपमा के साथ ही रुक जाती है। अनुपमा, राही की सेवा करती है, मगर इसी बीच वसुंधरा का पारा फिर चढ़ जाता है और वह भर–भर के अनुपमा की बेइज्जती करती है। वसुंधरा अनुपमा को उसकी हालत याद दिलाती है और कहती है कि क्योंकि, उसने कभी अमीरी के मजे नहीं लिए हैं, इसलिए उसे कोठारी हाउस में अमीरी के मजे लेना चाहिए।

# स्पिरिट की बढ़ी मुश्किलें : दीपिका के बाद सीनियर एक्टर ने भी छोड़ी फिल्म



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** संदीप रेड्डी वांगा की मच–अवेटेड फिल्म 'स्पिरिट' लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। प्रभास स्टारर इस मेगा बजट फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह है, लेकिन इसी बीच फिल्म से जुड़ी एक और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण के बाद अब दिग्गज अभिनेता प्रकाश राज ने भी इस प्रोजेक्ट से किनारा कर लिया है।

ओटीटी प्ले की रिपोर्ट के अनुसार, हैदराबाद में चल रही शूटिंग के दौरान प्रकाश राज और निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के बीच एक सीन को लेकर बहस हो गई। यह बहस स्क्रिप्ट और उस खास सीन के ट्रीटमेंट को लेकर थी। शुरुआत में मामला क्रिएटिव डिफरेंस तक सीमित था, लेकिन धीरे–धीरे तनाव बढ़ता गया और सेट पर माहौल गर्म हो गया। बताया जा रहा है कि बात इतनी बढ़ गई कि प्रकाश राज ने शूटिंग के बीच ही फिल्म छोड़ने का फैसला कर लिया। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि दोनों के बीच सिर्फ क्रिएटिव मतभेद ही नहीं, बल्कि व्यवहार को लेकर भी कुछ असहमति थी, जिससे प्रोडक्शन टीम भी असहज हो गई। हालांकि, अब तक इस पूरे मामले पर न तो मेकर्स और न ही प्रकाश राज की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने आया है। इससे पहले दीपिका पादुकोण के फिल्म छोड़ने की खबर ने भी काफी हलचल मचाई थी। बाद में उनकी जगह तृप्ति डिमरी को कास्ट किया गया, जो फिल्म के पहले पोस्टर में प्रभास के साथ नजर आई थीं। पोस्टर ने अपने बोल्ड विजुअल्स को लेकर भी खूब चर्चा बटोरी थी। अब प्रकाश राज के अचानक बाहर होने के बाद सवाल उठने लगे हैं कि उनकी जगह कौन लेगा और क्या इससे फिल्म की शूटिंग और रिलीज शेड्यूल पर असर पड़ेगा। 'स्पिरिट' 5 मार्च 2027 को पांच भाषाओं में रिलीज होने वाली है, लेकिन लगातार हो रहे बदलावों ने फैंस की चिंता जरूर बढ़ा दी है।

# विधानसभा बजट सत्र में हंगामा, राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान नारेबाजी





**यूनिक समय, लखनऊ ।** विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होते ही हंगामे की भेंट चढ़ गया। सत्र की शुरुआत राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के अभिभाषण से हुई, लेकिन इस दौरान विपक्ष, खासकर समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायकों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अभिभाषण के बीच ही सपा विधायक नारेबाजी करते रहे, जिससे सदन का माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया।


राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा विधायकों ने अपनी सीटों से खड़े होकर लगातार नारे लगाए और सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। विपक्ष का आरोप था कि मौजूदा सरकार जनहित के मुद्दों को नजरअंदाज कर रही है। शोर-शराबे के कारण कई बार सदन की कार्यवाही प्रभावित होती दिखी, लेकिन इसके बावजूद राज्यपाल ने अपना संबोधन पूरा किया। भारी हंगामे के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में संयमित रुख अपनाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए मेज थपथपाई और कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा और बहस के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और अन्य भाजपा विधायकों ने 'जय श्री राम' के नारे लगाकर विपक्ष के प्रदर्शन का जवाब दिया। सदन के भीतर ही नहीं, बल्कि विधानसभा परिसर में भी सपा विधायकों ने विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर उन्होंने सरकार पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समुदाय के अधिकारों की अनदेखी का आरोप लगाया। सपा नेताओं ने कहा कि

### सदन और बाहर सड़क तक दिखा विपक्ष का प्रदर्शन

बजट सत्र में जनता से जुड़े अहम मुद्दों पर सरकार को जवाब देना होगा। सपा विधायक सचिन यादव ने वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर हुए कथित ध्वस्तीकरण का मुद्दा भी उठाया।

उन्होंने रानी अहिल्याबाई होल्कर का पोस्टर दिखाते हुए कहा कि सरकार ने उनके योगदान का अपमान किया है। इस मुद्दे पर भी सदन और परिसर में काफी चर्चा और नारेबाजी देखने को मिली। कुल मिलाकर बजट सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही, जिससे आने वाले दिनों में भी तीखी राजनीतिक बहस के संकेत मिल रहे हैं।

# डंपर से कार कुचलने की कोशिश पथराव-फायरिंग के बाद जाम





**यूनिक समय, मेरठ।** मेरठ-बड़ौत मार्ग पर रोडरेज की गंभीर घटना सामने आई, जहां ईंटों से लदे डंपर चालक और उसके साथियों ने एक कार को कुचलने की कोशिश की। मेरठ निवासी सागर अपने चार साथियों शिवम, प्रियम, गौरव और अनुज के साथ बागपत के दोघट से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। बरनावा क्षेत्र में उनकी कार के आगे चल रहे डंपर को पास देने के लिए डिपर और हॉर्न दिया गया, लेकिन आरोप है कि डंपर चालक ने जानबूझकर साइड नहीं दी। विरोध करने पर डंपर की छत पर बैठे लोगों ने गाली-गलौज करते हुए कार पर पथराव कर दिया।

पीड़ितों के अनुसार, आरोपियों ने खिवाई कस्बे में अपने साथियों को बुला लिया और डंपर व ट्रैक्टर से रास्ता रोकने की कोशिश की। जान का खतरा भांपते हुए कार सवार सरधना की ओर मुड़ गए, तभी पीछे से आए दूसरे डंपर ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार एचटी लाइन के खंभे से जा टकराई, जो टूटकर वाहन पर गिर गया। गनीमत रही कि कार के चारों एयरबैग खुल गए और सभी की जान बच गई। आरोप है कि इसके बाद हमलावरों ने कार पर पथराव किया और कई राउंड फायरिंग भी की। सूचना मिलते ही बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर मेरठ-बड़ौत मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे यातायात बाधित रहा। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। हालात को देखते हुए कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। सीओ सरधना आशुतोष कुमार ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या

**यूनिक समय, कानपुर।** बर्रा थाना क्षेत्र के कर्रही पुरानी बस्ती में सोमवार को एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। सेवानिवृत्त केस्को कर्मी साहेब लाल ने घरेलू विवाद के दौरान अपनी पत्नी ललिता की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी घर से बाहर निकलकर मेन गेट के पास बैठ गया, जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों के अनुसार, घटना के समय घर में पत्नी अकेली थीं, जबकि बेटा काम पर गया हुआ था। आरोपी के भाई के घर पहुंचने पर अंदर ललिता का शव पड़ा मिला और पास में हत्या में प्रयुक्त हथियार भी था। डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद हत्या की पुष्टि हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बैंकों की सुस्ती से अटका उद्यमियों का भविष्य सरकारी योजनाओं के ऋण लंबित



**यूनिक समय, अलीगढ़।** जिले में केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी उद्यमिता योजनाएं बैंकों की धीमी कार्यप्रणाली के कारण अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रही हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और ओडीओपी जैसी योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, लेकिन ऋण वितरण में हो रही देरी से उद्यमियों के सपनों पर ब्रेक लग गया है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में जिले को 2900 ऋणों का लक्ष्य मिला था, जबकि इसके सापेक्ष 6447 आवेदन प्राप्त हुए। उद्योग विभाग ने इनमें से 5331 आवेदनों को स्वीकृति देते हुए करीब 2590 लाख रुपये के प्रस्ताव बैंकों को भेजे, लेकिन अब तक केवल 1912 आवेदनों पर ही ऋण जारी हो सका है। शेष हजारों आवेदन बैंक स्तर पर लंबित हैं। लगभग यही स्थिति अन्य सरकारी ऋण योजनाओं की भी बनी हुई है।

वित्तीय वर्ष समाप्ति के करीब होने के बावजूद लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण न हो पाने पर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। पहले जिलाधिकारी स्तर से बैंकों को पत्राचार किया गया, अब मंडलायुक्त स्तर से भी निर्देश जारी किए जा रहे हैं। उद्योग विभाग के संयुक्त आयुक्त बीरेंद्र सिंह का कहना है कि खासकर निजी बैंकों और एसबीआई से अधिक देरी हो रही है, हालांकि जल्द ही लंबित ऋण जारी कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। बैंकों की इस सुस्ती का सीधा असर जमीनी स्तर पर दिख रहा है। ऊपरकोट निवासी अशद अनीस ने हार्डवेयर यूनिट खोलने के लिए पांच लाख रुपये का ऋण आवेदन किया था। उद्योग विभाग से स्वीकृति और मार्जिन मनी तय होने के बावजूद बैंक से अब तक ऋण नहीं मिला। इसी तरह अमीर निशा क्षेत्र के अली शेर ने अपनी पत्नी के नाम से फूड प्रोसेसिंग यूनिट के लिए आवेदन किया, लेकिन महीनों बाद भी फाइल बैंक में अटकी हुई है। ऋण न मिलने के कारण दोनों उद्यमी अपना कारोबार शुरू नहीं कर पा रहे हैं। लीड बैंक मैनेजर अशोक कुमार सोनी का दावा है कि अब तक करीब 2000 ऋण जारी हो चुके हैं और वित्तीय वर्ष के अंत तक लक्ष्य के अनुसार सभी ऋण वितरित कर दिए जाएंगे। हालांकि, उद्यमियों का कहना है कि जब तक बैंक स्तर पर प्रक्रियाएं तेज नहीं होंगी, तब तक सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ युवाओं तक नहीं पहुंच पाएगा।

# दालमंडी चौड़ीकरण पर बड़ी कार्रवाई आगजनी से मचा हड़कंप



**यूनिक समय, वाराणसी।** दालमंडी चौड़ीकरण योजना के तहत सोमवार को प्रशासन ने बड़ी ध्वस्तीकरण कार्रवाई शुरू की। इस अभियान के तहत 21 भवनों को चिन्हित किया गया था। कार्रवाई से पहले एसीपी दशाश्वमेध अतुल अंजन त्रिपाठी ने पुलिस फोर्स को अलर्ट करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ब्रीफिंग दी। इसके बाद भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर कार्रवाई शुरू हुई।

ध्वस्तीकरण के दौरान उस वक्त हालात तनावपूर्ण हो गए, जब एक दुकानदार ने विरोध में अपनी दुकान पर पेट्रोल फेंककर आग लगा दी। दुकानदार ने खुद को भी आग के हवाले करने की चेतावनी दी, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तुरंत अलर्ट हो गए और आसपास मौजूद लोगों को पीछे हटाया गया। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, लेकिन सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रण में रखा। एसीपी दशाश्वमेध ने बताया कि कार्रवाई से पहले ही आशंका थी कि विरोध हो सकता है, इसी कारण पुलिस बल को मानसिक रूप से तैयार रहने और बिना सुरक्षा उपकरणों के मौके पर न जाने के निर्देश दिए गए थे।

चौक थाने सहित आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई। प्रशासन का कहना है कि चौड़ीकरण योजना को लेकर कार्रवाई कानून के दायरे में की जा रही है और किसी भी तरह की अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आगे बढ़ाई जा रही है।

# मिर्जापुर के जंगल में महिला का शव मिलने से सनसनी



**यूनिक समय, मिर्जापुर।** जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र स्थित देवरी कला जंगल में सोमवार सुबह एक महिला का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतका की पहचान सोनभद्र जिले के घोरावल थाना क्षेत्र के भैसवार गांव निवासी 45 वर्षीय तेतरा देवी पत्नी रामपति के रूप में हुई। शव मिलने की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक का माहौल बन गया।

बताया गया कि तेतरा देवी विंध्य विश्वविद्यालय परिसर में ठेकेदार के साथ मजदूरी करती थी। वह रोजाना शाम करीब पांच बजे काम खत्म कर लौटती थी। रविवार को भी वह अपने सहकर्मी बलिराम मिस्त्री के साथ काम कर रही थी। परिजनों के अनुसार, तेतरा देवी पिछले करीब 15 दिनों से लगातार काम कर रही थी और इस दौरान वह केवल एक-दो बार ही घर गई थी। रविवार शाम घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई, जिसके बाद तलाश शुरू की गई। सोमवार सुबह विश्वविद्यालय के पास जंगल में उसका शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र को घेर लिया और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। प्रारंभिक जांच में मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो पाएगी। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और महिला के सहकर्मियों व परिजनों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## गोरखपुर में करंट लगने से संविदा बिजली कर्मी की मौत

**यूनिक समय, गोरखपुर।** तिवारीपुर उपकेंद्र क्षेत्र में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। 11 केवी हाईटेंशन लाइन पर फाल्ट ठीक करने के दौरान संविदा बिजली कर्मी मोहम्मद सलीम उर्फ राजू की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजू बिना शटडाउन लिए बिजली के पोल पर चढ़ा था। इसी दौरान अचानक उसे तेज करंट लगा, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़ा।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथी कर्मचारियों ने आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और मर्चरी के पास हंगामा करने लगे, जिससे वहां भीड़ जमा हो गई। बक्शीपुर के अधिशासी अभियंता अतुल रघुवंशी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कर्मचारी ने शटडाउन नहीं लिया था, जिस कारण यह हादसा हुआ। मामले की जांच बिजली निगम और विद्युत सुरक्षा निदेशालय द्वारा की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सार संक्षेप

### नाइजीरिया में भीषण सड़क हादसा, 30 यात्रियों की मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तरी नाइजीरिया के कानो राज्य में यात्रियों से भरा एक ट्रक तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा गेजावा इलाके के क्कानार बार्डे में हुआ। घायलों को कानो के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और इलाज जारी है।

### वेस्ट बैंक पर इजरायल का नियंत्रण बढ़ाने की तैयारी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने वेस्ट बैंक में अपने नियंत्रण को मजबूत करने वाले अहम प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। नए नियमों के तहत अब इजरायली यहूदी वेस्ट बैंक में जमीन खरीद सकेंगे, क्योंकि इस पर लगी रोक हटा दी गई है। इस फैसले से फिलिस्तीनी अथॉरिटी की शक्तियां और कमजोर होंगी। फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास और जॉर्डन ने इसे खतरनाक बताते हुए कड़ी निंदा की है।

### शरद पवार की तबीयत बिगड़ी, पुणे के अस्पताल में भर्ती

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एनसीपी (एसपी) प्रमुख और राज्यसभा सांसद शरद पवार की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें पुणे के रूबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 85 वर्षीय शरद पवार को बुखार और गले में इन्फेक्शन की शिकायत है। पहले उन्हें सर्दी, खांसी और सांस लेने में दिक्कत महसूस हुई थी। इस दौरान उनकी बेटी सुप्रिया सुले और पत्नी प्रतिभा पवार भी उनके साथ मौजूद हैं। डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है।

### बांग्लादेश चुनाव 2026: बड़े दल और दावेदार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बांग्लादेश आम चुनाव 2026 में अवामी लीग के बैन के बाद सियासी मुकाबला और रोचक हो गया है। इस चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही है, जिसकी कमान अब तारिक रहमान के हाथ में है। इसके अलावा जमात ए-इस्लामी बांग्लादेश और नई नेशनल सिटीजन पार्टी भी मैदान में हैं। खालिदा जिया की गैरमौजूदगी के बावजूद बीएनपी को बढ़त मिलती दिख रही है।

### सुपौल डीएम का राघोपुर ब्लॉक में औचक निरीक्षण

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुपौल के डीएम सावन कुमार ने राघोपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अचानक छापा मारा, जिससे कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। निरीक्षण के दौरान केवल 2 कर्मचारी उपस्थित पाए गए, जबकि 9 कर्मियों की हाजिरी काटते हुए वेतन रोक दिया गया। निर्माणाधीन भवन में अनियमितता और सीमेंट बैग स्कैन न होने पर डीएम ने नाराजगी जताई और जांच के निर्देश दिए।

# दिल्ली में कार के अंदर महिला समेत तीन शव मिलने से मचा हड़कंप



### शवों की पहचान 76 वर्षीय रणधीर, 40 वर्षीय लक्ष्मी देवी और 47 वर्षीय शिव नरेश सिंह के रूप में हुई

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पीरागढ़ी इलाके में रविवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक खड़ी कार के अंदर एक महिला समेत तीन लोगों के शव बरामद किए गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू की गई। इलाके में भारी संख्या में लोग जमा हो गए। पुलिस ने कार के अंदर मिले शवों की पहचान 76 वर्षीय रणधीर, 40 वर्षीय लक्ष्मी देवी और 47 वर्षीय शिव नरेश सिंह के रूप में की है। जांच में सामने आया है कि रणधीर और शिव नरेश पिछले करीब छह वर्षों से प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे थे। महिला लक्ष्मी देवी शिव नरेश की जानकार थी और दोनों के बीच करीबी संबंध बताए जा रहे हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। कार के अंदर से कुछ निजी सामान भी बरामद किए गए हैं। पुलिस को कार की पिछली सीट से एक हेलमेट और ट्रैक सूट मिला है, जो मृतक शिव नरेश का बताया जा रहा है। हालांकि शिव नरेश की बाइक का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि तीनों एक साथ कार में कैसे पहुंचे और घटना से पहले उनकी गतिविधियां क्या थीं। पुलिस जांच में सामने आया है कि शिव नरेश मूल रूप से उत्तर प्रदेश के एटा जिले का रहने वाला था और पिछले कुछ वर्षों से दिल्ली में रहकर प्रॉपर्टी का काम कर रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन दिल्ली पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस दो लोगों से पूछताछ कर रही है और मृतकों के कॉल रिकॉर्ड, आर्थिक लेन-देन और आपसी संबंधों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो पाएगी। अधिकारियों के मुताबिक, इस संवेदनशील मामले में किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# जज के सामने हिंसा वकील पर हमला बना बड़ा मुद्दा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तीस हजारी जिला अदालत से न्याय व्यवस्था को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। कोर्ट रूम के अंदर, जज की मौजूदगी में एक वकील के साथ मारपीट की गई। यह घटना उस वक्त हुई जब वकील एक आरोपी की ओर से अपनी दलीलें पेश कर रहे थे। मामला सामने आने के बाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जहां इस पर सख्त प्रतिक्रिया देखने को मिली।
पीड़ित वकील ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि सुनवाई के दौरान विरोधी पक्ष के वकील कुछ अन्य लोगों के साथ जबरन कोर्ट रूम में घुस आए और उन पर हमला कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि घटना के समय जज कोर्ट में मौजूद थे, बावजूद इसके हमलावरों ने हिंसा की। वकील ने यह भी आरोप लगाया कि मौके पर मौजूद पुलिस ने कोई प्रभावी मदद नहीं की। मामले की मेंशनिंग के दौरान मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कोर्ट परिसर के भीतर इस तरह की गुंडागर्दी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जा सकती। यह कानून के शासन की सीधी अवहेलना है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।
सीजेआई ने पीड़ित वकील को सलाह दी कि वे इस घटना की लिखित शिकायत दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को दें और उसकी एक प्रति उन्हें भी भेजें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस मामले को प्रशासनिक स्तर पर गंभीरता से देखा जाएगा और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। सीजेआई ने साफ शब्दों में कहा कि अगर अदालत के भीतर ही वकील सुरक्षित नहीं हैं, तो यह पूरे न्याय तंत्र के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसी घटनाओं पर कठोर कार्रवाई जरूरी है, ताकि भविष्य में कोई भी कानून को हाथ में लेने की हिम्मत न करे। सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि कोर्ट परिसर की सुरक्षा से कोई समझौता

# सीएम की कुर्सी के लायक नहीं हिमंता बिस्वा सरमा : गौरव गोगोई का पलटवार





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा लगाए गए 'पाकिस्तान कनेक्शन' के आरोपों पर कांग्रेस सांसद और असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने कड़ा पलटवार किया है। गोगोई ने मुख्यमंत्री पर गंभीर आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने की मांग की है। गुवाहाटी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गौरव गोगोई ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राजनीतिक लाभ के लिए उनके निजी जीवन, खासकर उनके बच्चों से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक की, जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतें मुख्यमंत्री पद की गरिमा के खिलाफ हैं। गोगोई ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सरमा ने जानबूझकर उनके बच्चों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी मीडिया में लीक की। उन्होंने कहा, हम भी उनके परिवार के बारे में सब जानते हैं, लेकिन हम इस स्तर तक नहीं गिरते। गोगोई ने कहा कि ऐसी बयानबाज़ी से पूरा असम शर्मसार हुआ है। मुख्यमंत्री द्वारा जारी की गई एसआईटी रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए गोगोई ने कहा कि ढाई घंटे की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया।
उन्होंने दावा किया कि उन्हें किसी विदेशी एजेंट से जोड़ने के आरोप पूरी तरह निराधार हैं। गोगोई ने सवाल किया कि अगर मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा था तो मुख्यमंत्री पिछले छह महीनों तक रिपोर्ट पर चुप क्यों रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईटी कोई प्रमाण जुटाने में असफल रही है। कांग्रेस सांसद ने एक बार फिर मुख्यमंत्री के परिवार पर 12,000 बीघा जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया और एसआईटी रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि वे जांच में पूरा सहयोग करेंगे, लेकिन सच सामने आना चाहिए।

### बेंगलुरु मेट्रो किराया बढ़ोतरी पर लगी रोक

# बीएमआरसीएल ने फिलहाल अपना फैसला टाला



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बेंगलुरु में नम्मा मेट्रो के किराए में प्रस्तावित बढ़ोतरी पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। भारी जनविरोध और लगातार हो रही आलोचनाओं के बीच बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपने फैसले को टालने का ऐलान किया है। मेट्रो प्रशासन ने कहा है कि अब इस पूरे किराया प्रस्ताव की बोर्ड स्तर पर दोबारा समीक्षा की जाएगी। बीएमआरसीएल ने 5 फरवरी को नए किरायों की घोषणा की थी, जिन्हें 9 फरवरी से लागू किया जाना था। हालांकि यात्रियों, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों के विरोध के बाद इस फैसले को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। मेट्रो प्रबंधन का कहना है कि यात्रियों की चिंताओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और अंतिम फैसला सभी पहलुओं पर विचार के बाद ही किया जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार, 96.10 किलोमीटर लंबे नम्मा मेट्रो नेटवर्क को 10 जोनों में बांटकर किरायों में 1 से 5 रुपये तक की बढ़ोतरी की जानी थी। 2 किमी तक का किराया 10 रुपये से बढ़ाकर 11 रुपये, 15-20 किमी के लिए 70 रुपये की जगह 74 रुपये, 30 किमी से ज्यादा दूरी के लिए 90 रुपये से बढ़ाकर 95 रुपये, इसके अलावा, टूरिस्ट पास और ग्रुप टिकट में भी 5% तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव था। हालांकि स्मार्ट कार्ड यूजर्स को पीक ऑवर्स में 5% और नॉन-पीक ऑवर्स में 10% की छूट जारी रखने की बात कही गई थी। अब सभी की नजरें बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड बोर्ड की समीक्षा बैठक और उसके अंतिम फैसले पर टिकी हैं।

# एलन मस्क का नया स्पेस प्लान : मंगल से पहले चंद्रमा पर बसाया जाएगा शहर



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने अंतरिक्ष मिशन को लेकर बड़ा ऐलान किया है। मस्क ने कहा है कि अब उनकी कंपनी मंगल ग्रह से पहले चंद्रमा पर एक आत्मनिर्भर शहर बसाने पर फोकस करेगी। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी योजना की समयसीमा भी साझा की है। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए बताया कि चंद्रमा पर खुद से विकसित होने वाला शहर 10 साल से भी कम समय में तैयार किया जा सकता है। वहीं मंगल ग्रह पर इसी तरह का शहर बसाने में 20 साल से ज्यादा का समय लग सकता है। इसी वजह से स्पेसएक्स ने अपनी प्राथमिकता में बदलाव किया है। मस्क ने साफ किया कि मंगल पर शहर बसाने की योजना रद्द नहीं हुई है। स्पेसएक्स मंगल मिशन पर भी काम करता रहेगा, लेकिन इसकी शुरुआत 5 से 7 साल बाद होगी। फिलहाल कंपनी का पूरा ध्यान चंद्रमा पर मानव बस्ती स्थापित करने पर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्पेसएक्स मार्च 2027 तक चंद्रमा पर अनक्रूड (बिना इंसान वाली) लैंडिंग कराने का लक्ष्य रख रही है। इससे पहले मस्क 2026 के अंत तक मंगल पर अनक्रूड मिशन भेजने की बात कर चुके थे, लेकिन अब स्टारशिप रॉकेट के विकास के कारण टाइमलाइन में बदलाव किया गया है। स्पेसएक्स का स्टारशिप रॉकेट दुनिया का सबसे बड़ा और ताकतवर रीयूजेबल रॉकेट है, जिसे चंद्रमा और मंगल दोनों के लिए डिजाइन किया गया है। नासा के आर्टेमिस प्रोग्राम के तहत स्पेसएक्स को चंद्रमा पर एस्ट्रोनॉट्स उतारने का कॉन्ट्रैक्ट भी मिला है, जिसमें स्टारशिप को लूनर लैंडर के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। मस्क के मुताबिक, चंद्रमा पृथ्वी से सिर्फ 3 दिन की दूरी पर है, जबकि मंगल तक पहुंचने में 6 से 9 महीने लगते हैं। चंद्रमा के साउथ पोल पर बर्फ मिलने की संभावना है, जिससे पानी और ईंधन बनाया जा सकता है। इसके अलावा, वहां लगभग लगातार सूर्य की रोशनी मिलने से सोलर एनर्जी का बेहतर इस्तेमाल संभव है।

# जितना हक तिलक लगाने वालों का, उतना ही टोपी पहनने वालों का: अकबरुद्दीन ओवैसी

### ओवैसी ने देश की एकता और समान अधिकारों पर जोर दिया

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** निजामाबाद में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने देश की एकता और समान अधिकारों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह मुल्क जितना तिलक लगाने वालों का है, उतना ही टोपी पहनने वालों का भी है। ओवैसी ने साफ शब्दों में कहा कि भारत किसी एक समुदाय की जागीर नहीं है, बल्कि यह सभी नागरिकों का देश है। अपने भाषण में उन्होंने कहा, "ना हम कुरान छोड़ेंगे और ना ही हिंदुस्तान छोड़ेंगे। इस देश के लिए हमने भी कुर्बानियां दी हैं।" ओवैसी ने लगातार हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर हो रही राजनीति की आलोचना करते हुए कहा कि देश की सबसे बड़ी समस्या सांप्रदायिकता नहीं, बल्कि बेरोजगारी, महंगाई, साफ पानी, बिजली और आवास जैसी बुनियादी समस्याएं हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब देश में लाखों युवा बेरोजगार हैं और लोगों को मूल सुविधाएं तक नहीं मिल रहीं, तब हर मुद्दे को हिंदू-मुस्लिम चश्मे से क्यों देखा जा रहा है। अकबरुद्दीन ओवैसी एआईएमआईएम के वरिष्ठ नेता और हैदराबाद के चंद्रायनगुट्टा से छह बार विधायक रह चुके हैं। फिलहाल वे तेलंगाना विधानसभा में पार्टी के फ्लोर लीडर हैं। हालांकि, उनका नाम अतीत में दिए गए '15 मिनट' वाले विवादित बयान को लेकर भी चर्चा में रहा है, जिस पर उन्हें कानूनी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। निजामाबाद की इस सभा में ओवैसी ने एक बार फिर संविधान, समानता और बुनियादी मुद्दों पर ध्यान देने की अपील की।

### लापरवाही : विद्युत खंभों को बढ़ा खतरा

# बिना सूचना के नहर की खुदाई करा डाली



नहर की खुदाई के बाद पानी का नजारा।



पानी के सहारे खड़ा विद्युत खंभा।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** सिंचाई विभाग ने ऐसा कारनामा कर दिखाया कि विद्युत अधिकारी हैरान रह गए। जानकारों की मानें तो जेई और एई ने बिना पूर्व सूचना के एक नहर को खुदवा दिया और उसके पानी से 220केवी लाइन लगे विद्युत खंभों को खतरा उत्पन्न हो गया। यदि विद्युत खंभा गिर गए तो एक बड़े क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के भंग होने का खतरा मंडरा सकता है। जानकारी के अनुसार ग्राम भरतिया से आ रही विद्युत लाइन वृंदावन स्थित चैतन्य विहार और रूकमणि विहार के फीडरों तक आ रही है। बताते हैं कि चैतन्य विहार / रुक्मणि विहार और छटीकरा बिजलीघर की 33 केवी फीडर की लाइनों के नीचे खुदाई करके खंभों को डेमेज कर दिया गया है। नहर की खुदाई को देखकर विद्युत अधिकारी टेंशन में आ गए हैं। यदि विद्युत खंभे गिर गए तो स्थिति क्या होगी। आशंका है कि उनके गिरने से एक बड़े क्षेत्र के विद्युत आपूर्ति भंग हो सकती है। इस बारे में सिंचाई विभाग का कोई अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है। उधर, विद्युत अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।




## गैंगस्टर को जेल में बिताई अवधि की कोर्ट ने दी सजा

**यूनिक समय, मथुरा।** एडीजी चतुर्थ विशेष न्यायाधीश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम अरविंद कुमार यादव ने अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक शैलेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि अब्बू मेव पुत्र बगलू मेव निवासी ग्राम खिलुआ थाना हथीन जिला पलवल हरियाणा के खिलाफ छाता पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में मुकदमा दर्ज किया था। अभियुक्त द्वारा गैंग बनाकर जनता में भय व आतंक फैलाकर आपराधिक वारदात करने के बाद गलत तरीके से धन अर्जित करने के मामले में पुलिस ने उसे 2013 में गिरफ्तार किया था।

अभियुक्त को कोर्ट से जमानत मिल गई थी। कोर्ट ने गैंगस्टर को पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि की सजा से दंडित किया।

## नगर निगम ने 100 बड़े बकायेदार को किया चिन्हित

### 55 बकायेदारों को अंतिम सात दिन का नोटिस दे दिया गया

**मुख्य संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम ने कर वसूली के लिए सख्त कदम उठाए हैं। सभी जोनों में जांच कर कुल 100 बड़े बकायेदारों को चिन्हित किया गया है। इनमें से 55 बकायेदारों को अंतिम सात दिन का नोटिस दे दिया गया है। बाकी बकायेदारों को दो दिन के भीतर नोटिस जारी किए जाएंगे। नगर निगम ने साफ कहा है कि तय समय में कर जमा नहीं करने वालों पर कुर्की और सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। वसूली अभियान के दौरान कुछ लोगों ने 50 हजार से एक लाख रुपये तक की राशि बैंक में जमा कराई गई। वहीं मोहल्ला गांधी नगर से वसूली की गई। नगर आयुक्त ने वसूलीकर्ताओं और कर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि लक्ष्य से कम वसूली करने पर कर्मचारी सत्येंद्र और सुमित को चेतावनी दी गई। वहीं कर संग्राहक राकेश बाबू द्वारा पिछले तीन दिनों से कोई वसूली न करने पर उनके खिलाफ एक वेतन वृद्धि रोकने की संस्तुति नगर आयुक्त को भेजी गई है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि कर वसूली अभियान आगे भी लगातार और सख्ती के साथ जारी रहेगा।

## केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 6 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का समापन




**यूनिक समय, मथुरा।** केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, त्रिवेणी फैक्ट्री के सामने, गोवर्धन रोड मथुरा में 6 दिवसीय सामान्य उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम में 34 पुरुष प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। समापन अवसर पर अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक रविंद्र कुमार सिंह ने सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात अभ्यर्थी मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार अभियान के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक के ऋण हेतु आवेदन कर सकते हैं। संस्थान में 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार महिला एवं पुरुषों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। संस्थान के निदेशक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि शीघ्र ही संस्थान में ब्यूटी पार्लर से संबंधित निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रारंभ किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक युवा स्वरोजगार से जुड़ सकें।

## बलदेव बिजलीघर में 5 एमवीए ट्रांसफार्मर हुआ चालू

### क्षमता बढ़कर 25 एमवीए

**यूनिक समय, बलदेव।** 33/11 केवी उपकेंद्र बलदेव पर सोमवार 9 फरवरी 2026 को एक नया 5 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर चालू किया गया। इस ट्रांसफार्मर की कुल लागत लगभग एक करोड़ रुपये बताई गई है। इसके स्थापित होने से बिजलीघर की कुल क्षमता 20 एमवीए से बढ़कर 25 एमवीए हो गई है, जिससे क्षेत्र में ओवरलोडिंग की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। ट्रांसफार्मर का शुभारंभ अधीक्षण अभियंता सत्य प्रकाश पांडेय द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना एव नारियल फोड़कर किया गया। ट्रांसफार्मर को नो-लोड पर ऊर्जीकृत कर दिया गया है तथा मंगलवार से इस पर लोड डाला जाएगा। मुख्य अभियंता राजीव गर्ग ने बिजलीघर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक रजिस्टरों की जांच की। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता अमित श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता प्रथम गौरव सिंह, एसडीओ प्रकाश सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महोली रोड पर गैस पाइपलाइन फटी

**यूनिक समय, मथुरा।** महोली रोड स्थित जनकपुरी क्षेत्र के सीडीएस नगर के सामने मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क के किनारे बिछी गैस पाइपलाइन अचानक फट गई। पाइपलाइन के फटते ही तेज आवाज के साथ गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और संबंधित कंपनी को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और टोरंट कंपनी के मैकेनिक और तकनीकी कर्मचारी भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। कर्मचारियों ने गैस आपूर्ति को बंद कर रिसाव पर काबू पाया। गनीमत रही कि समय रहते कार्रवाई होने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और न ही कोई जनहानि हुई। बताया जा रहा है कि यह गैस पाइपलाइन टोरंट कंपनी की है। फिलहाल पाइपलाइन फटने के कारण ये घटना हुई।

## अलंकार फीडर क्षेत्र की कल बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**यूनिक समय, मथुरा।** सलेमपुर बिजलीघर से पोषित अलंकार फीडर क्षेत्र में मंगलवार को मरम्मत कार्य को लेकर बिजली आपूर्ति पूर्वान्ह 11 बजे से शाम चार बजे तक बंद रहेगी। क्षेत्रीय इंजीनियर राकेश यादव ने बताया कि संत नगर, अवधपुरी, बैकुंठ सिटी, राधिका सिटी, सौ फुटा, पुष्पाजंलि उपवन आदि क्षेत्र बिजली आपूर्ति बंद होने के कारण प्रभावित रहेंगे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न, योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**मुख्य संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में ओपीडी, आईपीडी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, पैथोलॉजी, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, 108 व 102 एंबुलेंस सेवा, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना, नियमित टीकाकरण, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, पीसीपीएनडीटी सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के तहत जिला महिला अस्पताल, जिला अस्पताल और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में लाभार्थियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ओपीडी की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। जिलाधिकारी ने आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने और नियमित टीकाकरण में शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आभा आईडी बनाने, 108 और 112 एंबुलेंस सेवाओं को समय पर मरीज तक पहुंचाने तथा किसी भी मरीज को इलाज से वंचित न रखने के निर्देश भी दिए। बैठक में गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल, नवजात शिशुओं की नियमित निगरानी और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने पर जोर दिया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड समय पर बनाए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधावल्लभ, सीएमएस जिला अस्पताल नीरज अग्रवाल सहित सभी एसीएमओ और एमओआईसी उपस्थित रहे।




जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीएम सीपी सिंह।

### बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के निर्देश

न्यायालय श्रीमान् अतिरिक्त परिवार न्यायाधीश महोदय, मथुरा

वाद सं- 149 सन् 2025

समीम पुत्र अकबर खान, निवासी- अमीरपुर, तह. महावन, जिला मथुरा।

..........आवेदक

बनाम्

मुस्कान मलिक पत्नी समीम खान पुत्री हबीब खाँ, हाल निवासी गांव सलेमपुर, थाना इगलास, जिला अलीगढ़। ...........प्रतिपक्षी

उपरोक्त आवेदक द्वारा प्रतिपक्षी के विरूद्ध प्रार्थना पत्र वास्ते धारा (2) मुस्लिम शरीयत स्वीय 1937 का मुकद्मा चल रहा है। तमाम सम्मनों के बावजूद भी प्रतिवादिनी उपस्थित नहीं हो रही है। दाम्पत्य जीवन की पुनः स्थापना के सम्बन्ध में वाद प्रस्तुत किया है।

अतः यह सूचना प्रसारित की जाती है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र के विरूद्ध अगर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं उनका अधिवक्ता द्वारा 10 बजे न्यायालय में दिनांक 10.02.2026 को उपस्थित होकर अपना प्रत्योत्तर प्रेषित करें, अन्यथा उक्त प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जावेगा। आज दिनांक 03.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

न्यायालय श्रीमान् अतिरिक्त परिवार न्यायाधीश महोदय, मथुरा।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। मो. 9837155888 E-mail : newsuniquesamay@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053